शिक्षा मंत्रालय
MINISTRY OF EDUCATION


सपनों की उड़ान

ई-पत्रिका | e-Magazine

Issue 14 March 2026

भारत एक, भाषाएँ अनेक





Ayesha Fatima
Grade– 7
Little Flowers Public Sr. Sec. School, Shivaji Park, Shahdara, New Delhi

Editorial Committee

Chairperson

Braj Mohan

Professor, Department of Education in Languages (DEL), NCERT

Members

M. V. Srinivasan
Head
Publication Division, NCERT

Chandana Mandal
Additional Commissioner (Academics)
Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS)

Praggya M. Singh
Director (Academics)
Central Board of Secondary Education (CBSE)

Sameer Pandey
Joint Commissioner (Administration)
Navodaya Vidyalaya Samiti (NVS)

Yuvraj Malik
Director, National Book Trust, India

Ashwini Sandip Patil
Assistant Professor, DEL, NCERT

Girish Kumar Tiwari
Assistant Professor, DEL, NCERT

Meenakshi
Assistant Professor, DEL, NCERT

Sarita Chaudhary
Assistant Professor, Department of Education Psychology and Foundation of Education (DEPFE), NCERT

Call for submissions

We encourage you to share your creative write-ups including articles, poems, stories, travelogues, essays, artworks, illustrations and photographs, etc.

You can share these in Hindi, English, and other Indian languages.

Contribute to a platform that celebrates your creativity and expression.

From the Chairperson's Desk

Dear Readers,

India is a multilingual country with 22 Scheduled Languages, 99 additional major languages spoken by 10,000 or more speakers, and numerous other mother tongues with fewer speakers. In most cases, these languages share linguistic and cultural resources in their form, function, and literature. They have enriched one another by freely borrowing vocabulary, literary resources, and cultural practices. Various philosophical and religious traditions, social practices, films and arts from different parts of India have transcended linguistic boundaries and become a part of our collective consciousness. With better facilities of communication, strict linguistic and cultural compartmentalisation has become a thing of the past. Today most Indian families are multilingual in their day-to-day interactions, and knowing multiple languages has become a need for social and professional growth.

National Education Policy (NEP) 2020 has provisioned for the promotion of multilingual education through retention and liberalisation of the three-language formula. School students across the country will learn three languages, of which two are native to India. Further, the medium of instruction will be the mother tongue at least until Grade 5 and preferably until Grade 8. In addition, NEP 2020 emphasises the integration of local contexts, Indian Knowledge Systems, and cultural ethos in education to keep students connected to Indian languages, culture, and society.

This issue titled 'Bharat Ek, Bhashayen Anek' celebrates Indian multilingualism, featuring many interesting and informative articles, stories, poems, and artworks. In his interview and article, Chamu Krishna Shastri, *Chairperson* of Bharatiya Bhasha Samiti, enlightens the readers on various aspects of Indian multilingualism, and the need of learning Indian languages. I extend my appreciation to all authors, reviewers, and editorial and production teams for their contribution. I believe the readers will find this issue useful and interesting.

Best wishes!

Braj Mohan



Kindly send your submissions to
e-magazine.moe@ncert.nic.in

CONTENTS

4 **ARTICLE**
About Bharatiya Bhasha

7 **POEM**
Colours of Indian Culture



8 **लेख**
भाषाओं में अभिव्यक्त होती एकता

10 **आलेख**
भारतीय भाषाओं की पारंपरिक लोकोक्तियाँ एवं कहावतें

12 **ARTICLE**
Multilingual Culture of India in Eklavya Model Residential Schools

14 **लेख**
भारत का विश्व धरोहर नगर— जयपुर

16 **कहानी**
मेंढक और घमंडी मछलियाँ

18 **लेख**
भाषाएँ अनेक, भाव एक

19 **ARTICLE**
India: A Land of Many Tongues

20 **आलेख**
मत्तुर— जहाँ आज भी गूँजती है देववाणी

22 **संस्मरण**
एकलव्य विद्यालय की एक शाम

24 **KNOW YOUR STATE**
Himachal Pradesh

26 **लेख**
भारत की भाषायी समृद्धि

28 **TRAVELOGUE**
My Memorable Journey

30 **साक्षात्कार**
चमू कृष्ण शास्त्री

34 **कहानी**
मधुरम की मधुर सीख



36 **POEM**
সংস্কৃতির মেলা

37 **POEM**
ক্লাসরুম

38 **FROM THE PEN OF**
भारतेंदु हरिश्चंद्र

39 **LANGUAGE CORNER**
आओ सीखें संस्कृत भाषा

40 **ARTICLE**
খিৰিকি

42 **EVENT**
Bharat Innovates Deep-tech Pre-summit: Dynamic Platform for Innovators

44 **कविता**
बहुभाषी यह देश हमारा

45 **POEM**
ফুৰাৰ কথা

46 **धरोहर**
भारतीय ज्ञान का वैश्विक शिखर— नालंदा विश्वविद्यालय



49 **ARTICLE**
ভাৰতীয় বহুভাষী সংস্কৃতি

50 **आयोजन**
भारतीय भाषा उत्सव 2025

52 **POEM**
ਧਰਣੀ ਮਾਰ ਦੁਖ

53 **कविता**
देशों में है देश भारत

54 **CAREER PAGE**
Career Opportunities in India's Multilingual Culture

56 **कविता**
आस-पास

57 **ARTICLE**
বাদ্যযন্ত্ৰৰ ৰাণী



58 **QUIZ**
Stump Your Friend

59 **POEM**
ਸਾਂਝ ਦੀਆਂ ਸੁਰੀਲੀਆਂ ਲੋਰੀਆਂ

60 **WORD SEARCH**

61 **पहेलियाँ**

62 **CREATIVE CORNER**

64 **ANSWERS AND CREDITS**

ARTICLE

About Bharatiya Bhasha

Bharat has been the motherland of a continuum of an all-inclusive culture since time immemorial. Bharatiya languages have been the cradles and carriers of this unifying cultural thought process. Bharatiya languages have coexisted and grown together harmoniously throughout the journey of their existence. Their literature complements each other in vocabulary and supplements each other in content and source of inspiration. All the Bharatiya languages in their Shastric texts to folk songs and folk arts propagate the same ideals and principles like the four *Purusharthas*, i.e. *Dharma*, *Artha*, *Kama* and *Moksha*, the same four life values, i.e. *Matr Devo Bhava*, *Pitr Devo Bhava*, *Acharya Devo Bhava* and *Atithi Devo Bhava*, same four *Ashramas*, i.e. *Brahmacharya*, *Garhasthya*, *Vanaprastha* and *Sanyasa*, and so on, which have mainly contributed to the cultural unity of Bharat. While the concept of language in many other countries is regarded merely as a medium of communication, in India, it is considered divine. All Bharatiya languages are revered as Vak, adored in the form of Vāgdevi or Sarasvati.


India is home to 1,369 mother tongues, languages, and dialects. This count is based on the 2011 Census, after the rationalisation of multiple raw entries recorded as mother tongues during data collection. Out of India's total population of 121 crore in 2011, approximately 117 crore people (96 per cent of the total population) reported one of the 22 Eighth Schedule languages as their mother tongue. 112.9 crore people (93.35 per cent of the population) speak the top 12 languages, and 4.15 crore (approx. 3.44 per cent of the total population) speak the remaining 10 languages of the 22 Eighth Schedule Languages.

Hindi in the Devanagari script is India's Rajabhasha (Official Language). English continues to be an Official Language. Twenty-two Indian languages including Hindi have been enumerated in the Eighth Schedule of the Constitution. It is pertinent to note here that no other category of languages is mentioned in the Constitution, like National Language or Non-Scheduled languages, etc. All the 1,369 languages of India are National languages. The concept of the National Language is emotional, not constitutional.

When we say India is a multilingual country, it is not only that India has 1,369 languages, but the more important fact is that every person in India knows multiple languages. Most individuals residing in metros, Tier 1 & Tier 2 cities, and border districts of the states in India are multilingual. Each one has multilingual communicative capabilities, which is a unique feature of India. Since languages bring people closer, create affinity and keep the hearts and minds together, the multilingual communicative skills of the majority of the population of India are the distinctive character and strength of India, which is responsible for the cultural unity and seamless continuum of the civilisation of Bharat for several millennia. Bharatiya languages have been the fountainhead and vehicle of unity in diversity, which needs to be further strengthened today.

Both the expressions— Unity in Diversity or Diversity in Unity— are used depending upon which one has to be focused. Diversity is the beauty. Unity is the strength. The beauty of the diversity is sustained only by the strength of the unity. Hence, the national unity and the emotional unity of all the people of India are equally important. It is better to quote both of them together. Unity is the purpose, and diversity is the instrument. Highlighting only the linguistic diversity and undercutting the factor of unity is detrimental to progress. The preservation and celebration of linguistic diversity should explicitly promote and profoundly foster feelings of unity. Managing diversity has been the unique capability of Bharat, Bharatiya culture and Bharatiya Bhasha literature in particular. The affinity between the diversity has been the cementing force of unity. The role of Bharatiya languages has been and will continue strengthening the affinity among people, communities, castes, linguistic areas, and states.

There is no documented reference to major linguistic conflict in India prior to the Independence. Boundaries of kingdoms were expanding and contracting, but kings were not imposing their languages on their new subjects. Only the invading foreign rulers imposed their languages as administrative languages in India, replacing the Indian languages. The British and their associates not only made English mandatory in domains like administration, education, court, etc., but also used Indian languages as tools to divide the people, divide the country, divide the society and to instigate one linguistic community against the other. Many other vested groups further fuelled the animosity by inculcating narrow linguistic identities and false pride. All these continue even today. Dialects and language variants are used to sow the seeds of hatred between castes and sub-castes. Selective vocabularies are used to highlight, amplify and widen the fault lines of the society. In recent decades, linguistic concepts have been selectively used, promoted, and applied to weaken Indian languages and diminish their rootedness in Bharat through the increasing Englishisation of their vocabulary. If the centuries of colonisation have done a significant amount of damage to the intellectual traditions of Bharat, the post-independence decades of indoctrination of colonial constructs, theories, lies and imported ideologies employed in education have made the thought process of a vast section of the society anglicised and deracinated.



There are several categories or classifications of Indian languages. Some are good and necessary. Some need to be correctly viewed and understood from their impact on the young minds. Official Language, Eighth Schedule Language, Classical Language, Modern Indian Language, Mother Tongue, First Language, Second Language, Third Language, Additional Language, Foreign Language, Tribal Language, etc., are widely used in policy documents. Though adjectives like Home Language, Regional Language, Local Language, etc., are also used in policy documents, they lack clarity of meaning and are definitionally defective. Usages of Majority Language, Minority Language,

Dominant Language, Predominant Language, Marginalised Language, etc., are highly loaded, dangerously divisive, sinisterly agenda-driven and strategically promoted for long. Aspirational Language, Career language, etc., are the current jargon. Oriental language, Dead language, etc, are colonial constructs. Some recent linguistic coinages have been used to create a niche for securing just grants. The term Vernacular languages was used for Indian languages by the British with a notion that they are inferior and lower strata languages, and we Indians accepted it, unfortunately. Indians are using the term Indigenous languages as a synonym for Indian languages without knowing its true meaning and the international context and agenda behind using this terminology. The idea of Bharatiya Bhasha Pariwar is an antidote for the colonial and post- colonial venoms injected into our blood, mind and body politic.

Millions of travellers going for *Teertha Yatra* from one corner of India to the other end before the advent of modern transport systems did not know the languages spoken along the route. But that wasn't in any way an impediment for them in communicating with and understanding each other because the affinity as fellow Bharatiya, the oneness within everyone, knowledge of some common vocabulary, common cultural understandings, familiar moorings, and the absence of any divisive walls in their minds made them experience the immense love in each other's hearts transcending all the barriers. This spirit of *Vividhata, Atmiyata*, *Ekata*, *Ekatmata* and *Bharatiyata* is the foundation for the *Ek Bharat, Shreshtha Bharat*, which could be achieved only through Bharatiya Bhasha Pariwar.

Bharatiya languages are both basis and means for the all-round development of India. Bharatiya languages are the primary vehicles of Bharatiya culture, arts, music, thoughts, and the bonds of unity and harmony of the people of Bharat. All are intertwined with each other. The two centuries of divisive colonial education have made us forget that the different varieties of the cultural, philosophical, artistic, linguistic and literary manifestations of the same all-inclusive culture, all-pervading and all-encompassing throughout Bharat, have made our nation remain as one for thousands of years. Ragas are many, Bhakti is one. Rupas are many, Satya is one. Names are many, Ishwar is one. Systems are many, purpose is one. Languages are many, Bhav is one. Paths are many, destination is one. There are many regions, Bharat is one. It is time to shed all divisive thought processes and work for '*Oru Bharatam, Unnata Bharatam*', as said in Tamil. There are many Indian languages, but their family is one, which is called Bharatiya Bhasha Pariwar.

The theory of Bharatiya Bhasha Pariwar is the need of the hour. It is essential to decolonise India. Further study in Bharatiya Bhasha Pariwar is necessary for fostering a collective feeling and united effort for invigorating the innate oneness among the people of Bharat. We call upon the language experts, linguists, anthropologists, litterateurs, social scientists, translators, and scholars from allied disciplines to engage deeply with the Bharatiya Bhasha Pariwar and carry it forward.

Chamu Krishna Shastry
Chairman
Bharatiya Bhasha Samiti

POEM

Colours of Indian Culture

India has a beautiful
Culture and heritage
The story of its glory
Is written in every age.
It has its great culture
Displayed in customs and traditions
And is famous for its unique
Festivals and celebrations.
Be it the historical Red Fort
Or Taj Mahal at Agra.
The classical dance like Kathak
Or the Vibrant Punjabi Bhangra.
The enchanting melodious music
the dignified dance
We must enjoy thoroughly
We Indians love to celebrate together
We believe in unity
We respect all religions
And Indianness is our beauty

Shalini Maravi
Grade– 9
E.M.R.S., Mandla, Madhya Pradesh



भाषाओं में अभिव्यक्त होती एकता

"भारतीय चिंतन परंपरा में यह विचार अत्यंत स्पष्ट रूप से व्यक्त हुआ है— "एकोऽहम् बहुस्याम्" अर्थात् मैं एक हूँ, परंतु अनेक रूपों में प्रकट होता हूँ। भारत की विभिन्न भाषाएँ उसी एक सांस्कृतिक आत्मा की विविध अभिव्यक्तियाँ हैं।"

भारत को यदि भाषाओं का उद्यान कहा जाए, तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। यहाँ प्रत्येक भाषा एक पुष्प की भाँति है, जिसमें अपनी विशिष्ट सुगंध, रंग और सौंदर्य है। भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता उसकी विविधतापूर्ण एवं अद्वितीय एकता है। प्राचीन भारतीय चिंतन में इस भावना को अत्यंत सुंदर रूप में व्यक्त किया गया है—

"संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।" अर्थात् साथ चलो, साथ बोलो और अपने मनों को एक करो।

(ऋग्वेद, दशम मण्डल, सूक्त 191)

यही भावना भारत की बहुभाषिकता का मूल आधार है। भारत में बोली जाने वाली भाषाओं की संख्या सैकड़ों-हजारों में है। "कोस-कोस पर पानी बदले, चार कोस पर बानी" जैसी लोकोक्ति इस भाषायी समृद्धि का अत्यंत सजीव चित्रण करती है। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक बांग्ला, संथाली, हिंदी, पंजाबी, मराठी, गुजराती, उर्दू, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम आदि भाषाएँ अपनी प्राचीन परंपरा और साहित्यिक वैभव के साथ जीवंत हैं। इन सब भाषाओं तथा असंख्य बोलियों ने मिलकर भारत की सांस्कृतिक चेतना को निरंतर विस्तार प्रदान किया है। भारतीय भाषाओं की जड़ें अत्यंत गहरी हैं। संस्कृत को अनेक भारतीय भाषाओं की जननी माना जाता है। संस्कृत साहित्य में मानवता, ज्ञान और समन्वय की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

ऋग्वेद का प्रसिद्ध सूक्त— "आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः" अर्थात् संसार की सभी दिशाओं से हमारे पास श्रेष्ठ विचार



अमृत उद्यान, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली

आएँ यह भारतीय संस्कृति की उदारता और व्यापक दृष्टिकोण को प्रकट करता है। यही कारण है कि भारतीय भाषाएँ परस्पर संवाद और आदान-प्रदान के माध्यम से निरंतर विकसित होती रही हैं।

दक्षिण भारत की भाषाएँ भारत की बहुभाषिकता की अत्यंत महत्वपूर्ण धरोहर हैं। तमिल भाषा विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है। उसकी परंपरा संगम काल यानी लगभग दो हजार वर्षों से भी अधिक पुरानी है, जिसमें प्रेम, प्रकृति, समाज और वीरता का अत्यंत सजीव और हृदयग्राही चित्रण मिलता है। महान कवि तिरुवल्लुवर की कृति 'तिरुक्कुरल' नैतिक जीवन के ऐसे सार्वभौमिक सूत्र प्रस्तुत करती है, जो काल और देश की सीमाओं से परे हैं। वहीं तेलुगु भाषा अपनी मधुरता और लयात्मकता के कारण विशेष प्रसिद्ध है। तेलुगु साहित्य में नन्नय, तिक्कन और श्रीनाथ जैसे कवियों ने महाकाव्य परंपरा को समृद्ध और विस्तृत किया है।

इसी प्रकार कन्नड़ भाषा में पंप, पोन्न, रन्न और बसवन्ना जैसे संत-कवियों ने भक्ति, समानता और सामाजिक चेतना के विचारों को जन-जीवन से जोड़ा। कन्नड़ साहित्य की 'वचन' परंपरा आज भी मानवता और समता का सशक्त संदेश देती है।



तिरुवल्लुवर प्रतिमा, कन्याकुमारी, तमिलनाडु

मलयालम भाषा, जो केरल की सांस्कृतिक आत्मा है, संस्कृत और तमिल दोनों के प्रभाव से विकसित हुई है। इस भाषा में आधुनिक साहित्य की अत्यंत समृद्ध परंपरा विद्यमान है। कुमारन आशान, वल्लथोल नारायण मेनन और वैकोम मुहम्मद बशीर जैसे साहित्यकारों ने मानवीय संवेदनाओं को अत्यंत सरल और प्रभावी भाषा में अभिव्यक्त किया है।

भारतीय भाषाओं की एक अनोखी विशेषता यह भी है कि वे केवल संचार का साधन नहीं हैं, बल्कि संस्कृति, इतिहास और ज्ञान की संवाहक भी हैं। लोकगीत, लोककथाएँ, धार्मिक ग्रंथ और आधुनिक साहित्य आदि माध्यमों से भाषाएँ समाज का प्रतिबिंब प्रस्तुत करती हैं। संस्कृत का एक प्रसिद्ध वचन है— "विद्या ददाति विनयं, विनयाद् याति पात्रताम्।" अर्थात् विद्या विनय देती है और विनय से मनुष्य योग्य बनता है। यही शिक्षा भारत की भाषाओं और साहित्य में निरंतर परिलक्षित होती है।

भारत की बहुभाषिकता से परिपूर्ण संस्कृति का सबसे सुंदर पक्ष यह है कि यहाँ भाषाएँ भावनात्मक रूप से एक हैं। भारतीय चिंतन परंपरा में यह विचार अत्यंत स्पष्ट रूप से व्यक्त हुआ है— "एकोऽहम् बहुस्याम्" अर्थात् मैं एक हूँ, परंतु अनेक रूपों में प्रकट होता हूँ। भारत की विभिन्न भाषाएँ उसी एक सांस्कृतिक आत्मा की विविध अभिव्यक्तियाँ हैं।

भारतीय संस्कृति में मातृभूमि के प्रति गहरा प्रेम भी दिखाई देता है। रामायण का प्रसिद्ध वाक्य— "जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी" अर्थात् माता और जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान हैं। यह वाक्य हमें स्मरण कराता है कि भारत की विभिन्न भाषाएँ उसी मातृभूमि की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर हैं। वे इस भूमि के इतिहास, परंपराओं और भावनाओं को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाती रही हैं। भारत की बहुभाषिकता राष्ट्रीय एकता की आधारशिला भी है। विभिन्न भाषाएँ बोलने वाले लोग एक ही राष्ट्र की भावना से जुड़े हुए हैं। यह विविधता भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। प्राचीन भारतीय आदर्श "वसुधैव कुटुम्बकम्" अर्थात् समस्त पृथ्वी एक परिवार है, इसी समन्वयकारी दृष्टि का प्रतीक है।

तनिष्क मैवाड़े
कक्षा– 9
पीएम श्री जे. एन. वी., कोल्लम, केरल

भारतीय भाषाओं की पारंपरिक लोकोक्तियाँ एवं कहावतें

भारतीय भाषा	मूल कहावत (लिपि एवं लिप्यंतरण सहित)	हिंदी भावार्थ
असमिया	নাচিব নাজানে চোতাল বেকা (नाचिब नाजाने चोताल बेका)	नाचना नहीं आता तो आँगन टेढ़ा कहता है।
बांग्ला	যত গর্জে তত বর্ষে না (जतो गर्जे ततो बोरशे ना)	जो अधिक गरजता है, वह उतना बरसता नहीं।
बोडो	गियान गैयाबा मान गैया	बिना ज्ञान के सम्मान नहीं मिलता।
डोगरी	अपना हत्थ जगन्नाथ	अपना काम स्वयं करना सर्वोत्तम है।
गुजराती	ખાડો ખોદે તે પડે (खाडो खोदे ते पड़े)	जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है, स्वयं गिरता है।
कन्नड़	ಕೈ ಕೆಸರಾದರೆ ಬಾಯಿ ಮೊಸರು (कै केसरादरे बायी मोसरु)	मेहनत किए बिना फल नहीं मिलता।
कश्मीरी	یہِ کرکھ تہٕ لبکھ (यिह करख तिह लबख)	जैसा करोगे, वैसा भरोगे।
कोंकणी	अति तें माती	हर चीज की अति विनाशकारी होती है।
मैथिली	अपन गामक कुकूरहुँ नीक	अपने गाँव का कुत्ता भी अच्छा लगता है।
मलयालम	മിന്നുന്നതെല്ലാം പൊന്നല്ല (मिन्नुन्नतेल्लाम पोन्नल्ला)	हर चमकती वस्तु सोना नहीं होती।
मराठी	गाढवाला गुळाची चव काय?	मूर्ख को गुणवान वस्तु का मूल्य नहीं पता।

नेपाली	नजिकको तीर्थ हेला	पास की चीज का लोग सम्मान नहीं करते। जैसे घर का जोगी जोगड़ा, आन गाँव का सिद्ध
ओड़िया	ଅଳ୍ପ ବିଦ୍ୟା ଭୟଙ୍କରୀ (अल्प विद्या भयंकरी)	अधूरा ज्ञान खतरनाक होता है।
पंजाबी	ਜੇਹਾ ਬੀਜੈ ਸੋ ਲੁਣੈ (जेहा बीजे, सो लूणे)	जैसा बोओगे, वैसा काटोगे।
संथाली	ᱩᱱᱟᱹᱭ ᱯᱮᱦᱟᱸ ᱚᱱᱟᱜᱟᱲ᱾ ᱱᱟᱜᱟᱲ ᱫᱚᱲᱮ ᱫᱚ (मिद सांवते ताहें रेगे दाड़े दो)	एक साथ रहने में ही बल है (एकता में शक्ति है)।
सिंधी	झड़ो पोकींदीन, तड़ो लुणंदीन	जैसा बोओगे, वैसा काटोगे।
तमिल	அகத்தின் அழகு முகத்தில் தெரியும் (अगत्तिन अळगु मुगत्तिल तेरियुम)	मन की सुंदरता चेहरे पर झलकती है।
तेलुगु	చేతులు కాలాక ఆకులు పట్టుకున్నట్లు (चेतुलु कालाका आकुलु पट्टुकुन्नटलु)	समय निकलने के बाद पछताना व्यर्थ है।
उर्दू	نیکی کر دریا میں ڈال नेकी कर दरिया में डाल	उपकार के प्रतिफल की कामना नहीं करनी चाहिए।
हिंदी	अब पछताए क्या होत जब चिड़ियाँ चुग गईं खेत	अवसर निकल जाने के बाद पछताना बेकार है।
संस्कृत	ज्ञानं भारः क्रियां विना।	क्रिया (प्रयोग) के बिना ज्ञान बोझ के समान है।
मणिपुरी	ꯀꯦꯛ ꯃꯥꯡ ꯑꯣꯏꯅ ꯂꯩꯃꯥꯡ ꯃꯥꯡꯍꯟ꯫	अच्छा व्यवहार (प्रेम) ही अंत में फल देता है।

ARTICLE

Multilingual Culture of India in Eklavya Model Residential Schools

"নানা ভাষা, নানা মত, নানা পিরধান,
বিবিধের মাঝে দেখা মিলন মহান্ :"
— অতুলপ্রসাদ সেন

"Diverse tongues, diverse views, diverse attire—
Amidst this diversity, a sublime unity is revealed."
— Atulprasad Sen

Mark Twain once described India as "the cradle of the human race, birthplace of human speech, the mother of history, the grandmother of legend, and the great-grandmother of tradition" in his travelogue *Following the Equator: A Journey Around the World* (1897). India truly embodies this spirit, with its remarkable ability to weave together diverse cultures and traditions across its vast territory. Extending this thought, the Eklavya Model Residential Schools (EMRS) can be seen as a microcosm of India itself. These schools bring together tribal students, teachers, and staff from across the country, each carrying their own languages, beliefs, food habits, and dress styles, yet merging into the larger stream of unity that defines our nation.

In this article, I will reflect on the multilingual culture in EMRS, particularly in my school, EMRS Rairangpur, Mayurbhanj, Odisha.

Under the guidance of the National Education Society for Tribal Students (NESTS), under the Ministry of Tribal Affairs, EMRS institutions aim to provide quality education and holistic development to Scheduled Tribe (ST) students across India. However, when students enter Grade 6, they often face a significant hurdle: understanding Hindi or English, as most teachers are comfortable in these languages. Many students are fluent only in their mother tongues such as Santhali, Kolho, or other tribal languages. Some are comfortable in Odia, while only a handful can manage Hindi or English. Although most students can understand Hindi, they struggle to read or write it. Naturally, their undestanding of English at the beginning is even weaker.



As the only English teacher, I face a daunting challenge in the first year. Since most students come from Odia-medium schools, comprehending English texts becomes extremely difficult for them.

Take the example of Maisa Murmu, currently a Grade 7 student. When he joined in Grade 6, he could only speak and understand Santhali and Odia. None of us could communicate with him effectively in Hindi, which left him feeling isolated and discouraged. He often cried, expressing his desire to return home. His confidence was shattered by the language barrier. One day, I tried speaking to him in Bengali, and he responded in Odia. That small breakthrough allowed me to understand him better.

We decided to observe him for 15 days. If he could adjust to the environment, he would continue; otherwise, he would return to his previous school. Today, the same boy has been serving as the House Captain of Tapi House for almost a year. A little Bengali and a little Odia helped him stay and thrive in an English-medium school.

Faced with this situation, I realised I had to adapt. Being from West Bengal, I could understand spoken Odia to some extent, but in odered to teach, I had to learn how to write the Odia alphabet and words. With the help of my students, I gradually developed this skill. Now, I can provide word notes in Odia, which has brought me closer to the students. They often tell me, "You are one of us". This acceptance has allowed me to use multilingualism as a bridge, connecting modern knowledge with the future custodians of nature and culture.

A multilingual approach has proved very effective for students in EMRS. To conclude, one can be reassured that no student in EMRS will ever have to sacrifice their education or face exclusion due to language barriers. EMRS, the epitome of India, will continue to safeguard and celebrate its multilingual culture with pride.

Samaresh Deogharia
TGT (English)
E.M.R.S., Mayurbhanj, Odisha



भारत का विश्व धरोहर नगर— जयपुर



हवा महल, जयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर, जिसे 'गुलाबी नगरी' के नाम से भी जाना जाता है, न केवल भारत का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, बल्कि यह अपनी अद्वितीय वास्तुकला और शहरी नियोजन के लिए वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त है। वर्ष 2019 में यूनेस्को (UNESCO) द्वारा इसे 'विश्व धरोहर नगर' घोषित किया गया।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

जयपुर की स्थापना 1727 में कछवाहा वंश के महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय द्वारा की गई थी। इससे पूर्व राज्य की राजधानी आमेर थी, लेकिन जनसंख्या वृद्धि और जल की कमी के कारण एक नए सुव्यवस्थित शहर की आवश्यकता महसूस हुई। इस शहर के मुख्य वास्तुकार बंगाल के विद्याधर भट्टाचार्य थे, जिन्होंने इसे उस समय के सबसे आधुनिक और नियोजित शहर के रूप में विकसित किया।

भौगोलिक स्थिति

भौगोलिक दृष्टि से जयपुर पूर्वी राजस्थान में स्थित है, जो तीन ओर से अरावली की पहाड़ियों से घिरा हुआ है। यहाँ की जलवायु अर्ध-शुष्क है। शहर का निर्माण एक ऊँचे मैदानी क्षेत्र पर किया गया है।

शहर की अनूठी विशेषताएँ– जयपुर अपनी योजनाबद्ध बसावट के लिए प्रसिद्ध है। इसकी प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं:

नियोजित शहरीकरण– यह दक्षिण एशिया में अपनी तरह का पहला नियोजित व्यापारिक शहर है। चौड़ी सड़कें, जो समकोण पर एक-दूसरे को काटती हैं। इमारतों, महलों, हवेलियों, मंदिरों और उद्यानों और व्यवसायों के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं।

ग्रिड प्रणाली– शहर को प्राचीन चौपड़ प्रणाली (ग्रिड सिस्टम) में विभाजित किया गया है, जो 'वास्तु शास्त्र' और 'शिल्प शास्त्र' के सिद्धांतों पर आधारित है।

गुलाबी रंग– 1876 में प्रिंस ऑफ वेल्स के स्वागत में महाराजा सवाई राम सिंह द्वितीय ने पूरे शहर को गुलाबी रंग में रंगवा दिया था, इसलिए इसे गुलाबी नगर का उपनाम भी मिला।

स्थापत्य कला– यहाँ स्थित हवा महल, जंतर-मंतर (विश्व धरोहर स्थल) और सिटी पैलेस मुगल और राजपूत स्थापत्य शैली के अद्भुत मिश्रण हैं।

जयपुर के प्रसिद्ध स्थल



आमेर किला, जो पूर्ववर्ती जयपुर राज्य की सबसे पुरानी राजधानी थी



जंतर मंतर, वेधशाला (विश्व धरोहर स्थल)



सिटी पैलेस, जयपुर के पूर्व महाराजा का निवास स्थान



नाहरगढ़ किला, पूर्व महाराजाओं का आखेट क्षेत्र



जयगढ़ किला, राजपूत शासकों का तोपखाना



अल्बर्ट हॉल (केंद्रीय म्यूजियम)

कहानी

मेंढक और घमंडी मछलियाँ

किसी शांत तालाब में दो मछलियाँ रहती थीं। एक का नाम शतबुद्धि था और दूसरी का सहस्रबुद्धि। दोनों अपने को बहुत ज्ञानी समझती थीं। उसी तालाब में एक मेंढक भी रहता था, जिसका नाम था एकबुद्धि। वह सरल स्वभाव का था, पर समझदार भी था। तीनों में अच्छी मित्रता थी।



हर शाम वे तालाब के किनारे मिलते, बातें करते, कविताएँ सुनते और फिर अपने-अपने घर लौट जाते।



एक दिन संध्या समय कुछ मछुआरे वहाँ आ पहुँचे। उनके कंधों पर जाल थे और सिर पर पकड़ी हुई मछलियों की टोकरी रखी थी। तालाब को देखकर वे आपस में बोले—

"अरे, इस तालाब में तो बहुत मछलियाँ हैं और पानी भी कम है। कल सुबह यहीं आकर जाल डालेंगे।"

यह कहकर वे चले गए।

मछुआरों की बात सुनकर तालाब के जीव घबरा गए। एकबुद्धि मेंढक ने चिंतित होकर कहा—

"मित्रो! आपने उनकी बातें सुनीं। अब हमें क्या करना चाहिए? क्या यहाँ रहना ठीक है या किसी दूसरे तालाब में चले जाना चाहिए?"

यह सुनकर सहस्रबुद्धि हँस पड़ी। उसने कहा—

"तुम व्यर्थ डर रहे हो। केवल किसी की बात सुनकर घबराना बुद्धिमानी नहीं है। हो सकता है वे कल आएँ ही नहीं। और यदि आ भी गए, तो मैं अपनी चतुराई से स्वयं भी बच जाऊँगी और तुम सबको भी बचा लूँगी।"



शतबुद्धि ने भी उसका समर्थन करते हुए कहा—

"बिलकुल सही कहा। बुद्धिमान के लिए कोई काम कठिन नहीं होता। हमें अपनी जन्मभूमि छोड़कर क्यों जाना चाहिए? हम यहीं रहेंगे।"

एकबुद्धि ने शांत स्वर में कहा—

"मित्रो, मैं इतना बुद्धिमान नहीं हूँ, पर संकट को पहचानता हूँ। मुझे तो यही उचित लगता है कि समय रहते यहाँ से निकल चलें। मैं आज ही अपनी पत्नी के साथ दूसरे तालाब में जा रहा हूँ।"

इतना कहकर वह उसी रात अपनी पत्नी के साथ पास के दूसरे तालाब में चला गया।

अगली सुबह मछुआरे सचमुच आ पहुँचे। उन्होंने तालाब में जाल डाल दिया। छोटी-बड़ी मछलियाँ, कछुए, केकड़े और अन्य जलचर सब फँस गए। शतबुद्धि और सहस्रबुद्धि ने भी बहुत कोशिश की। वे इधर-उधर भागीं, तेजी से तैरती रहीं, तरह-तरह की चालें चलीं, पर अंत में दोनों जाल में फँस गईं।

मछुआरे उन्हें पकड़कर ले चले। एक ने शतबुद्धि को सिर पर रख लिया और दूसरे ने सहस्रबुद्धि को कंधे पर लटका लिया।

उसी समय दूसरे तालाब के किनारे बैठा एकबुद्धि मेंढक यह दृश्य देख रहा था। उसने अपनी पत्नी से कहा— "देखो प्रिये! शतबुद्धि सिर पर रखी जा रही है, सहस्रबुद्धि कंधे पर लटक रही है और मैं सुरक्षित जल में आनंद से रह रहा हूँ।"

इसलिए "वरं बुद्धिर्न सा विद्या" अर्थात "बुद्धि श्रेष्ठ है, केवल विद्या नहीं।"

(विष्णु शर्मा के पंचतंत्र से उद्धृत)

भाषाएँ अनेक, भाव एक

भारत भाषायी रूप से विविधतापूर्ण एवं समृद्ध देश है। यहाँ 100 से अधिक मुख्य भाषाएँ और लगभग बीस हजार स्थानीय बोलियाँ बोली जाती हैं, जिनमें से 22 को भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित किया गया है। इसके अलावा 11 प्राचीन भाषाओं को शास्त्रीय भाषाओं की सूची में स्थान भी प्रदान किया गया है। भारत की यह समृद्धि विविधतापूर्ण होते हुए भी एकत्व की भावना लिए हुए है। भाषा विज्ञान की दृष्टि से ये भाषाएँ परस्पर अंतर्निहित साम्यता से जुड़ी हैं, जो हमें 'भारतीय बोध' के एक सूत्र में पिरोती हैं। यह बहुभाषिकता केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी बौद्धिक मेधा को प्रखर करने वाली एक अनूठी सभ्यतागत विरासत है।

प्राय: लोग सोचते हैं कि इतनी भाषाएँ होने से हम अलग-अलग हो जाते हैं, लेकिन सच इसके उलट है। हमारी सभी भाषाएँ मिलकर भारतीय पहचान को पुष्ट करती हैं। दरअसल, भारत की भाषाएँ एक बड़े वृक्ष की शाखाओं की तरह हैं, जिनकी जड़ें एक ही लोक जीवन में जुड़ी हैं। इसे समझने के लिए भक्ति आंदोलन का उदाहरण देख सकते हैं। महाराष्ट्र में संत तुकाराम, पंजाब में गुरु नानक और दक्षिण भारत में रामानुजाचार्य ने अलग-अलग भाषाओं में उपदेश दिए, लेकिन उनके संदेश में भक्ति और मानवता का भाव एक ही था। महात्मा गाँधी ने हिंदी और गुजराती में बात की, फिर भी पूरे देश ने उन्हें समझा।

हमारी भाषाओं की लिपि और व्याकरण अलग हो सकते हैं, लेकिन उनके पीछे की समझ और जीवन-मूल्य समान होते हैं। भारतीय भाषाओं में प्रेम, सम्मान और नैतिकता जैसे भाव हर जगह मिलते हैं।

साहित्य में भी यह एकता साफ दिखाई देती है। रामायण और महाभारत लगभग प्रत्येक भारतीय भाषा में मिलते हैं, जैसे– तमिल में कंबन रामायण और बंगाली में कृत्तिवास रामायण इसके उदाहरण हैं। मराठी में 'ज्ञानेश्वरी' के माध्यम से गीता को सरल बनाया गया। इससे पता चलता है कि हमारी भाषाएँ एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं।

भारतीय भाषाएँ एक-दूसरे पर निर्भर भी हैं। कोई भी भाषा पूरी तरह अकेली नहीं है। हिंदी में संस्कृत और बोलियों के शब्द मिलते हैं, वहीं मराठी में भी अन्य भाषाओं के शब्द पाए जाते हैं। यही संगम हमारी भाषाओं को समृद्ध बनाता है।

आज के डिजिटल युग में यह एकता और स्पष्ट दिखाई देती है। लोग अलग-अलग भाषाओं की फिल्में और गाने पसंद कर रहे हैं। दक्षिण भारत की फिल्में पूरे देश में लोकप्रिय हो रही हैं और हिंदी गाने हर जगह सुने जाते हैं। 'नाटू-नाटू' जैसे गीतों ने दिखा दिया कि भाषा से अधिक महत्वपूर्ण भाव और कला हैं।

एक से अधिक भाषाएँ सीखने से हमारी सोच भी व्यापक होती है। हम दूसरों को बेहतर समझ पाते हैं और आपसी सम्मान बढ़ता है। जब हम किसी की भाषा का एक शब्द भी सीखते हैं, तो दिलों की नजदीकी और बढ़ जाती है।

भारत की भाषायी विविधता हमारे राष्ट्र की वह 'सांस्कृतिक मेधा' है, जो हमें भौगोलिक सीमाओं से परे एक भावनात्मक अखंडता एवं भारतीयता की पहचान प्रदान करती है। यद्यपि हमारी बोलियों और भाषाओं से अभिव्यक्त होने वाले जीवन-मूल्य और संवेदनाएँ एक ही भारतीय स्रोत से उत्पन्न होती हैं।

यह बहुभाषिकता उस 'साझा चिंतन' का प्रमाण है, जिसने हजारों वर्षों के उतार-चढ़ाव के बीच भी भारत की सांस्कृतिक अस्मिता और भारतीयता की पहचान को अक्षुण्ण रखा है। यह विविधता हमें वैश्विक नागरिक बनने के साथ-साथ अपनी जड़ों से जुड़ाव की वह अद्‌भुत शक्ति प्रदान करती है, जो 'अनेकता में एकता' के दर्शन को केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जीवंत सत्य सिद्ध करती है। इस प्रकार, भारत की भाषायी विविधता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही विविधता हमें एक सशक्त और एकजुट राष्ट्र बनाती है।

ARTICLE

India: A Land of Many Tongues

India is one of the most linguistically diverse nations in the world. Our multilingual culture is like a colourful carpet woven with threads of social and cultural exchange. Across our vast geography, people speak hundreds of languages and thousands of dialects, making multilingualism an essential part of our daily life, identity, and tradition.

The Official Framework

The Constitution of India recognises 22 scheduled languages, but many more regional and tribal languages are spoken across different communities. At the national level, Hindi and English serve as important 'link languages', helping people from different states in communication across government, education and bussiness.

Deep Historical Roots

Our linguistic diversity has deep roots in the past.

Ancient Beginnings

Languages like Sanskrit and Tamil developed rich literary traditions thousands of years ago.



Medieval Influences

Persian and Arabic deeply influenced North Indian languages such as Hindi, Urdu, Punjabi, and Bengali during medieval India. Persian served as the official language under the Sultanate and Mughal rulers.

Modern Era

British rule strengthened the use of English. As a result, modern Indian languages are 'mixed' in a beautiful way, containing words and expressions borrowed from many different sources through trade, travel, and history.

Language and State Identity

In India, language is closely connected to where we come from. After independence, many states were reorganised on a linguistic basis to reflect the dominant language spoken by the people. For example:

- Tamil Nadu is primarily Tamil-speaking.
- Maharashtra is Marathi-speaking.
- West Bengal is Bengali-speaking.

This organisation has helped strengthen cultural sensibility while keeping our national unity strong.

Language in Arts and Media

Our multilingual culture shines brightest in our arts. While the Hindi film industry (Bollywood) is widely known, strong film industries also exist in Tamil, Telugu, Malayalam, Kannada, Bengali, and many other Indian languages. This diversity is also seen in our literature, newspapers, and television programmes, ensuring that every voice has a medium to reach people.

Ramavath Pavani
Grade– VII
E.M.R.S., Indravelli, Telangana

मत्तुर— जहाँ आज भी गूँजती है देववाणी

"संस्कृत ग्राम की यह अनूठी अवधारणा कर्नाटक के मत्तुर गाँव से प्रारंभ होकर आज भारत के विभिन्न प्रांतों में लोकप्रिय हो रही है। भारत के संस्कृत ग्रामों में असम के विश्वनाथ जिले में स्थित गमिरि ग्राम, मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले का झिरी ग्राम, नरसिंहपुर का मोहद ग्राम और उत्तराखंड के बागेश्वर जिले का भन्तोला ग्राम उल्लेखनीय है।"

संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है और यह हमारी गौरवशाली भारतीय संस्कृति की सच्ची संवाहक भी है। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक ज्ञान परंपरा इसमें संरक्षित है। शास्त्रों में 'देववाणी' कही जाने वाली संस्कृत में भारत की विशाल साहित्यिक संपदा रची गई है। वेदों, उपनिषदों, पुराणों और महाकाव्यों से लेकर ऐतिहासिक ग्रंथों, काव्य रचनाओं एवं ज्ञान-विज्ञान के असंख्य अनमोल ग्रंथ इसी भाषा में लिखे गए हैं। यह मात्र भाषा ही नहीं, भारतीयता की भाषायी अभिव्यक्ति भी है, यह अधिकांश भारतीय भाषाओं की जननी है।

कभी भारतीय उपमहाद्वीप में संवाद का मुख्य माध्यम रही यह अद्भुत भाषा, ऐतिहासिक कालखंडों में निरंतर कम बोली जाने लगी और धीरे-धीरे बोल-चाल की भाषा के रूप में अपना अस्तित्व खोने लगी, किंतु आधुनिक युग में संस्कृत को पुनः जन-साधारण की आम बोल-चाल की भाषा बनाने के लिए कई सराहनीय प्रयास किए गए हैं। इन प्रयासों का सुखद परिणाम अब 'संस्कृत ग्रामों' के रूप में उभरकर सामने आ रहा है।

'संस्कृत ग्राम' की यह अनूठी अवधारणा कर्नाटक के मत्तुर गाँव से प्रारंभ होकर आज भारत के विभिन्न प्रांतों में लोकप्रिय हो रही है। भारत के संस्कृत ग्रामों में असम के विश्वनाथ जिले में स्थित गमिरि ग्राम, मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले का झिरी ग्राम, नरसिंहपुर का मोहद ग्राम और उत्तराखंड के बागेश्वर जिले का भन्तोला ग्राम उल्लेखनीय है।

मत्तुर, कर्नाटक राज्य के शिमोगा जिले में तुंगा नदी के तट पर स्थित है। प्रकृति की गोद में बसा यह गाँव शांति और सुकून से भरा है। इसी सुरम्य गाँव में 1980 के दशक में संस्कृत को आम बोल-चाल की भाषा बनाने का एक ऐतिहासिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसकी प्रेरणा वर्ष 1982 में चमू कृष्ण शास्त्री जी द्वारा आयोजित एक 'संस्कृत संभाषण शिविर' से मिली। यद्यपि मत्तुर मुख्य रूप से विद्वानों का ग्राम था और वहाँ के निवासी













स्वयं संस्कृत के ज्ञाता थे, किंतु लक्ष्य यह था कि समाज का प्रत्येक वर्ग और सामान्य जन भी संस्कृत में ही बातचीत करें। इसी विचार के साथ यहाँ निरंतर संस्कृत शिविर आयोजित किए गए। ग्रामवासियों और शिक्षकों के अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि आज यह गाँव भारत में 'प्रथम संस्कृत ग्राम' के रूप में विख्यात है।

मत्तुर के निवासी मुख्य रूप से सुपारी (पुंगीफल) की खेती करते हैं। इस गाँव की सबसे बड़ी विशेषता यहाँ की सामाजिक समरसता है। यहाँ किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियाँ नहीं होतीं और ग्रामवासी आपसी सहयोग से ही अपनी समस्याओं का समाधान कर लेते हैं। गाँव का आधारभूत ढाँचा भी आधुनिक है; यहाँ पक्की सड़कें हैं और घरों में ऊर्जा के लिए गोबर गैस संयंत्रों का उपयोग होता है।

शिक्षा के क्षेत्र में यह गाँव मिसाल है। यहाँ आपको शिक्षक, प्राध्यापक, आई.आई.टी. में अध्ययनरत युवा या सॉफ्टवेयर इंजीनियर मिल जाएँगे। इस गाँव की एक और विशेषता यह है कि यहाँ के लोग चाहे कितने भी बड़े पद पर पहुँच जाएँ, वे किसी-न-किसी रूप में अपनी जड़ों और अपने गाँव से जुड़े रहते हैं। प्रमुख उत्सवों पर सभी ग्रामवासी एकत्रित होकर अपनी परंपराओं का निर्वाह करते हैं।

मत्तुर आज विश्वभर में संस्कृत सीखने के केंद्र के रूप में प्रसिद्ध है। यहाँ न केवल भारत से, बल्कि विदेशों से भी लोग इस प्राचीन भाषा को सीखने आते हैं। गाँव में एक पारंपरिक गुरुकुल भी स्थापित है, जहाँ वेदांत का गहन अध्ययन कराया जाता है। यहाँ के विद्यालयों में भी संस्कृत के अध्ययन-अध्यापन पर विशेष बल दिया जाता है। रोचक बात यह है कि यहाँ के बच्चे संस्कृत के साथ-साथ स्थानीय भाषा (कन्नड़) और अंग्रेजी का भी कुशलता से अध्ययन करते हैं। इस प्रकार मत्तूर परंपरा और आधुनिकता के सुंदर समन्वय का एक जीवंत उदाहरण है।

संस्मरण

एकलव्य विद्यालय की एक शाम

मेरा नाम विकास है और मैं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (E.M.R.S.), रामपुर छापर, जबलपुर में कक्षा नौ का छात्र हूँ। हमारा स्कूल पहाड़ियों की गोद में और प्रकृति के शांत आँचल में बसा है। सुबह की पहली किरण जब विद्यालय भवन पर पड़ती है, तो ऐसा लगता है मानो ज्ञान और प्रकृति का संगम हो रहा हो, लेकिन यहाँ की सुंदरता केवल वह नहीं है, जो बाहर से दिखाई देती है, बल्कि वह जीवंत संस्कृति है, जो हमारे छात्रावास के कमरों और गलियारों में साँस लेती है।

एक बार शाम को मैं अपने साथियों के साथ खेल के मैदान में बैठा था, ढलते सूरज की लालिमा के बीच मेरे साथी अपनी-अपनी मातृभाषा में बातें कर रहे थे। यह देखकर मैंने विचार किया कि भारत की बहुभाषिकता केवल पुस्तक में लिखे शब्द ही नहीं हैं, बल्कि यह वह जीवन है, जिसे हम यहाँ जीते हैं।

मेरे ठीक बगल में मेरा मित्र आर्यन बैठा था, जो डिंडोरी का रहने वाला है। वह अपनी धुन में मगन गोंडी भाषा में एक लोकगीत गुनगुना रहा था। हालाँकि मुझे उसके शब्दों का अर्थ पता नहीं था, लेकिन उसकी धुन बहुत मधुर लग रही थी। पास ही बैठा सुमित, जो मंडला का रहने वाला है, वह हमें अपनी बैगानी भाषा के कुछ अनूठे शब्द सिखा रहा था, जैसे– पूर्व दिशा को दिनकड़ती और पश्चिम को दिनबुड़ती कहा जाता है, इसी तरह उत्तर दिशा को नर्मदाहू और दक्षिण को मड़ामुख कहा जाता है। इसी तरह पेड़ को रूख और चिड़िया को चिरई कहा जाता है, वह बता रहा था।

जब हम शाम को साथ मिलकर भोजन के लिए भोजनालय में बैठते हैं, तो वह दृश्य एक लघु भारत जैसा होता है। हमारी बातचीत में कभी बुंदेलखंडी की मिठास घुल जाती है, तो कभी बघेली का ठेठ अपनापन सुनाई देता है। जबलपुर खुद भी तो 'संस्कारधानी' है! यहाँ की मिट्टी में ही वह विशेषता है, जो सबको अपना बना लेती है। जैसे भेड़ाघाट पर नर्मदा की लहरें अलग-अलग पत्थरों से टकराकर एक ही संगीत पैदा करती हैं, वैसे ही हमारे स्कूल में अलग-अलग भाषाएँ और बोलियाँ आपस में मिलकर एक मधुर समरसता पैदा करती हैं।

मेरे छात्रावास के कमरे की दुनिया और भी निराली है। हम चार दोस्त एक ही छत के नीचे रहते हैं, लेकिन हमारे पीछे चार अलग-अलग संस्कृतियों की विरासत है। आकाश प्रायः कोकू भाषा के शब्द बोलता है, जो सुनने में बहुत ही लयबद्ध लगते हैं। संदीप जब भरिया बोली में मजाक करता है, तो पूरा कमरा



AI Generated

ठहाकों से गूँज उठता है। हम चारों की अपनी-अपनी बोलियाँ हैं, लेकिन जब हम कक्षा में होते हैं या किसी गंभीर विषय पर चर्चा करते हैं, तो हिंदी वह सेतु बन जाती है, जो हम सबको एक सूत्र में पिरो देती है।

शुरुआत में, जब मैं नया-नया इस विद्यालय में आया था, तो मेरे मन में एक डर था। मैं सोचता था कि इतनी सारी बोलियों और अलग-अलग पृष्ठभूमियों के बीच हम एक-दूसरे को कैसे समझेंगे? क्या भाषा की दीवार हमारे बीच दूरियाँ पैदा कर देगी? लेकिन समय के साथ मुझे समझ आया कि संचार सिर्फ शब्दों पर निर्भर नहीं होता। भाषा तो सिर्फ एक माध्यम है, वास्तविक जुड़ाव तो भावनाओं का होता है।

जब हम 'एकलव्य' के छात्र के रूप में सुबह की प्रार्थना में खड़े होते हैं, तो हमारे स्वर और संकल्प एक होते हैं। उस समय यह मायने नहीं रखता कि किसके घर में कौन-सी बोली बोली जाती है। उस समय हम सब सिर्फ 'एकलव्य' के छात्र होते हैं, जो अपने देश और समाज के लिए कुछ अच्छा करने का सपना देखते हैं।

यही तो हमारे भारत की वास्तविक सुंदरता और शक्ति है। जिस प्रकार नर्मदा नदी अपनी यात्रा में कई छोटी-बड़ी धाराओं, झरनों और नालों के जल को अपने भीतर समेटती जाती है और अंततः एक विशाल नदी का रूप ले लेती है, वैसे ही हमारी ये अनेक बोलियाँ और जनजातीय संस्कृतियाँ मिलकर भारत की महान और अटूट संस्कृति का निर्माण करती हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी बहुभाषिकता (Multilingualism) को बहुत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इसे केवल भाषा का विषय नहीं, बल्कि सीखने, सोचने और सांस्कृतिक विकास का साधन माना गया है।

मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं रामपुर छापर के इस एकलव्य विद्यालय का छात्र हूँ। यहाँ मुझे केवल गणित, विज्ञान या भूगोल का किताबी ज्ञान नहीं मिल रहा, बल्कि मुझे भारत की उस 'बहुभाषिकता' को समीप से जानने और अनुभव करने का अवसर मिल रहा है जो भारतीयता की पहचान है।

विकास
कक्षा– 9
ई. एम. आर. एस., जबलपुर, मध्य प्रदेश

DID YOU KNOW?

BHASHINI(Bhasha Interface for India): Bridging Languages, Empowering Communication

BHASHINI is an AI(Artificial Intelligence)-powered language translation platform that transforms how people communicate by bridging gaps in literacy, language, and digital access. It aims to create an inclusive ecosystem where technology is accessible to all, regardless of linguistic or educational barriers.

At its core, BHASHINI leverages innovative voice-first multilingual AI solutions to enable seamless and natural communication across diverse languages. By focusing on voice-driven interactions, it ensures ease of use for users from varied backgrounds, including those with limited literacy or digital familiarity.

Bhashini helps children study in their preferred language by translating lessons and digital content. It improves understanding, especially for non-English speakers, and supports inclusive education. Children can use it through the website or mobile app. BHASHINI supports 22+ Indian languages, with expansion underway to include more regional and tribal languages.

KNOW YOUR STATE

Himachal

Himachal Pradesh became a full-fledged state of India on 25th January 1971. It is known for its mesmerising hilly terrains and scenic beauty. It is bordered by Jammu and Kashmir in the north, Punjab in the west and south-west, Haryana in the south, and Uttarakhand in the south-east. It also shares an international border with China in the east. Himachal Pradesh attracts tourists from around the world.

Key Facts	
Statehood / Formation Day	1 May 1960
Official Language	Hindi & Local Dialects
State Animal	Snow Leopard
State Bird	Western Tragopan
State Capital	Shimla
State Flower	Pink Rhododendron
District	12
Population (2011 census)	68,64,602

Religious Sites



Known as Dev Bhoomi, Himachal Pradesh has many sacred Hindu pilgrimage sites set amidst the Himalayas. The revered Jawala Mukhi Temple is famous for its eternal flame, and Mata Chintpurni attract thousands of devotees. The ancient Baijnath Temple and the scenic Chamunda Devi Temple hold great spiritual significance. Manali is known of the famous Hadimba Temple and its scenic beauty.

Buddhist Cultural Sites



The remote valleys of Lahaul, Spiti, and Kinnaur have strong Buddhist traditions. Splendid Buddhist monasteries, built along bare mountain-sides seem to be a part of the rugged terrain. These are the repositories of the wealth of Buddhist art and culture. The dim, cool interiors of ancient monasteries glow with the brilliance of painted murals, stuccos, and elaborate thangkas framed with rich borders of silk.

Kalka–Shimla Railway



The Kalka–Shimla Railway is a 96.6 km narrow-gauge track, declared a UNESCO World Heritage Site in 2008 under the 'Mountain Railways of India'. Opened in 1903, it links Kalka with Shimla and features over 100 tunnels and 864 bridges, showcasing brilliant colonial-era engineering.

Paonta Sahib



The Sikhs came to the Shivalik Hills, in Himachal Pradesh in 1685, at the invitation of the ruler of Sirmaur, to help him fight the Mughals. Guru Gobind Singh settled with his army in Paonta Sahib in the foothills. Paonta Sahib is the main centre of Sikh pilgrimage in Himachal. The Gurdwara Paonta Sahib picturesquely located on the banks of the River Yamuna in district Sirmaur, is venerated due to its association with Guru Gobind Singh, the Sikh Guru.

Pradesh



Lahaul and Spiti

The mountainous cold desert of Lahaul and Spiti is freckled with green patches over a dry weather-beaten face, fascinating valleys, windswept landscapes and quiet villages. Kunzum la or the Kunzum Pass (altitude 4,551 m (14,931 ft)) is the entrance pass to the Spiti Valley from Lahaul. Spiti is more barren and difficult to cross, with an average elevation of the valley floor of 4,270 m (14,010 ft). It is enclosed between lofty ranges, with the Spiti river rushing out of a gorge in the southeast to meet the Sutlej River.





Dalhousie

Dalhousie (Chamba) is a hill station with a number of old churches. The church near the General Post Office (G.P.O.) looks untouched by time. It has an angular roof of inter-leafed hexagonal slates. The Catholic Church of St. Francis, built in 1894, is set against a backdrop of tall pines overlooking the Subash Chowk.



Rohtang Pass

Perched on the eastern Pir Panjal range of the Himalayas, it is a breathtaking high mountain pass located about 51 kilometres from Manali in Himachal Pradesh. At an elevation of 3,978 metres, it forms a crucial link between the Kullu Valley and the desolate landscapes of Lahaul and Spiti, offering a panoramic view that captivates every visitor.



Atal Tunnel

It has officially been certified by the World Book of Records as the 'World's Longest Highway Tunnel above 10,000 Feet, during a landmark ceremony on 09 February 2022, in New Delhi. Lieutenant General Rajeev Chaudhry, *Director General Border Roads* (DGBR), received the award for the stupendous achievement of the Border Roads Organisation (BRO) in constructing this engineering marvel, connecting Manali to the Lahaul-Spiti Valley.

Famous Institutions

Himachal Pradesh hosts premier institute of education like Indian Institute of Technology Mandi, National Institute of Technology Hamirpur, Himachal Pradesh University, and the renowned Indian Institute of Advanced Study Shimla. These institutions offer quality education and research opportunities, attracting students nationwide to the serene Himalayan learning environment.



लेख

भारत की भाषायी समृद्धि

जब भी मैं यह सोचती हूँ कि हमारा भारत अन्य देशों से कितना भिन्न है, तो मेरे मन में सबसे पहले यह बात आती है कि यहाँ कुछ किलोमीटर पर भाषा में परिवर्तन आ जाता है। मैं केरल में रहती हूँ, जहाँ मलयालम बोली जाती है, लेकिन जैसे ही हम ट्रेन से तमिलनाडु जाते हैं, भाषा बदल जाती है। उत्तर की ओर बढ़ें तो हिंदी, पूर्व में बंगाली और पश्चिम में गुजराती सुनाई देती है। यही तो है हमारा अद्‌भुत भारत, जो भाषाओं का एक समृद्ध लोक है।

हमारे देश में सैकड़ों भाषाएँ और बोलियाँ बोली जाती हैं। यह भाषायी समृद्धता देखकर मुझे अपने देश पर गर्व होता है। मेरे विद्यालय में भी यह विविधतापूर्ण समृद्धि स्पष्ट दिखाई देती है। मेरी प्रिय सहेली कौस्तुभी तमिल बोलती है। हम दोनों साथ बैठते हैं, साथ भोजन करते हैं और खूब बातें करते हैं। सबसे रोचक बात यह है कि हम प्रतिदिन एक-दूसरे की भाषा के नए शब्द सीखते हैं। जब वह मुझे तमिल में 'नंद्री' (धन्यवाद) कहना सिखाती है और मैं उसे मलयालम में 'नंदी' सिखाती हूँ, तो हम दोनों हँस पड़ते हैं, क्योंकि दोनों शब्द एक जैसे लगते हैं।

कभी वह मुझे तमिल में 'वणक्कम्' (नमस्ते) कहती है, तो मैं भी उसे मलयालम में "नमस्कारम्" कहती हूँ। ये छोटी-छोटी बातें हमारी आत्मीयता को गहरा बनाती हैं।

भाषाएँ केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति, समाज और भावनाओं का दर्पण भी है। प्रत्येक भाषा के साथ उसका समृद्ध साहित्य, ज्ञान और दीर्घ इतिहास भी जुड़ा होता है, जिसमें उसे बोलने वाले लोगों के गीत, कविताएँ, कहानियाँ और अनमोल अनुभव आदि भी रचे-बसे होते हैं। जब हम किसी नई भाषा को सीखते हैं, तो हम एक नई दुनिया से परिचित होते हैं। मेरी दादी कहतीं हैं— "जितनी भाषाएँ जानोगे, उतनी जिंदगियाँ जियोगे।"

इतिहास पर दृष्टि डालें तो प्राचीन भारत में भी बहुभाषिकता का व्यापक स्वरूप था। प्राचीनकाल में संस्कृत विद्वानों की भाषा थी, जबकि पाली और प्राकृत जनसामान्य की भाषाएँ


AI Generated

थीं। व्यापारियों के बीच भारतीय भाषाओं के साथ-साथ अरबी और फारसी का भी प्रचलन था। मुगल काल में हिंदी और फारसी के मेल से उर्दू का विकास हुआ, यह भी भाषाओं के सुंदर संगम का उदाहरण है। ब्रिटिश काल में अंग्रेजी आई, जो आज भी हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

आज के समय में कुछ लोग मानते हैं कि अंग्रेजी के प्रभाव से हमारी भारतीय भाषाएँ कमजोर हो रही हैं। यह बात कुछ सीमा तक सही भी लगती है। मैंने स्वयं देखा है कि कुछ लोग अपनी मातृभाषा बोलने में संकोच करते हैं और अंग्रेजी को अधिक 'स्मार्ट' समझते हैं, परंतु मेरा मानना है कि यह सोच सही नहीं है। अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए, उसका उपयोग करना चाहिए, क्योंकि वही हमारी जड़ें हैं। यदि जड़ें गहरी न हों और उनकी पकड़ मजबूत न हो तो पेड़ कितना भी बड़ा क्यों न हो मामूली तूफान में भी उखड़ जाएगा।

हमारी भाषाओं के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए 'मातृभाषा दिवस' और 'हिंदी दिवस' जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ये सकारात्मक पहलें हैं, हमें इनमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, लेकिन इन आयोजनों का उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब हम दैनिक जीवन में अपनी मातृभाषा का उपयोग करने लगेंगे।

मुझे पूरा विश्वास है कि भविष्य में भी यह भाषायी समृद्धि बनी रहेगी और हम सब मिलकर इसे और भी सुंदर बनाएँगे। मैं स्वयं भी बड़ी होकर कम-से-कम पाँच भाषाएँ— मलयालम, हिंदी, तमिल, बंगाली और अंग्रेजी सीखना चाहती हूँ। मेरी सहेली कौस्तुभी मुझे तमिल सिखा रही है और मैं उसे मलयालम। इस प्रकार हम दोनों मिलकर भारत की इस भाषायी समृद्धि अपने भीतर संजो रहे हैं, क्योंकि सच यही है कि भाषाएँ केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि दिल से दिल को जोड़ने का सबसे सुंदर माध्यम हैं।

अवनि सुबिन
कक्षा– 8
भा.वि.भ. विद्या मंदिर, एर्नाकुलम, केरल

DID YOU KNOW?

भारतीय भाषाओं के लिए डिजिटल सेतु— अनुवादिनी

अनुवादिनी भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं के बीच सहज और सटीक अनुवाद को बढ़ावा देना है। यह मंच विशेष रूप से शिक्षा, प्रशासन और डिजिटल संचार में भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए विकसित किया गया है। यह पहल विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और आम नागरिकों के लिए समान रूप से उपयोगी है, क्योंकि यह उन्हें अपनी मातृभाषा में जानकारी प्राप्त करने और साझा करने में सक्षम बनाती है। साथ ही, यह सरकारी योजनाओं और सेवाओं को अधिक लोगों तक पहुँचाने में भी सहायक है।

My Memorable Journey

Praneeth, Vinay, Deekshith, Kushagra, Sheshi, Sumanth, Balaji, Krishna, and I planned our very first trip together on our own. Our sports coach accompanied us on this trip and was supervising us.

For our trip, we chose Kuntala Waterfalls, the highest waterfall in Telangana. Located near Neredikonda village, about 64 km from Adilabad. This beautiful waterfall is about 45–50 meters high and is formed by the Kadam River, a tributary of the Godavari River. Surrounded by dense forests and greenery, it is one of the most majestic places to visit in the state. The best time to visit it is during the monsoon season, when this area looks fresh, vibrant, and full of flowing water.

Early in the morning, we met with our bags and snacks, full of energy. We sang songs, cracked jokes, and teased one another the whole way.

When we reached the place, we could hear the waterfall before we even saw it. We climbed down many steps through beautiful greenery. Even though we felt tired, we were actually enjoying every moment—taking photos and laughing together.





When we finally saw the waterfall, it was amazing. The water was falling powerfully, and the cool mist touched our faces. For a few seconds, we just stood there quietly, enjoying the view.

Some of us went straight under the waterfall, while others were scared at first but joined later. The water was very cold, and we all shouted and laughed. We splashed water on each other took funny pictures, and made great memories. Kushagra acted like a travel vlogger, which made us laugh even more.

Throughout this time, we were wearing our safety gear, and anyone among us who entered the waterfall wore that equipment. We were certainly having fun, but we took every precaution for our safety and strictly followed the instructions of our sports instructor.

After playing in the water, we sat on the rocks and shared our snacks. We talked about our future and promised to go on many more trips like this. While climbing back up, we felt tired—but we were happy.

On the way home, some of us slept, while others quietly looked outside, thinking about the day. This trip was not just about seeing a waterfall. It was about creating our first beautiful memory together. This is only the beginning of many more adventures to come.

Sakarwar Karthik
Grade– 11
PM SHRI J.N.V., Kagaznagar, Telangana

भारत सदैव एक बहुभाषी राष्ट्र रहा है— चमू कृष्ण शास्त्री



श्री चमू कृष्ण शास्त्री प्रख्यात भारतीय भाषाविद् हैं। वर्तमान में वे शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत 'भारतीय भाषा समिति' के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। उनका जन्म 23 जनवरी 1956 को कर्नाटक में हुआ था। वे 'संस्कृत भारती' के सह-संस्थापक भी हैं। 'संस्कृत भारती' एक अखिल भारतीय संगठन है, जिसका मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा को दैनिक बोल-चाल की समकालीन भाषा के रूप में स्थापित करना है। शास्त्री जी के भगीरथ प्रयासों से ही आज भारत समेत विश्व के अनेक देशों में संस्कृत शिक्षण का विस्तार हुआ है। उन्होंने संस्कृत में अनेक पुस्तकें भी लिखी हैं। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके इस अप्रतिम और उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 2017 में प्रतिष्ठित 'पद्म श्री'सम्मान से सम्मानित किया है।

आदरणीय शास्त्री जी, आपने अपना संपूर्ण जीवन भारतीय भाषाओं, विशेष रूप से संस्कृत के संवर्धन के लिए समर्पित कर दिया है। एक युवा छात्र से लेकर 'पद्म श्री' और 'भारतीय भाषा समिति' के अध्यक्ष बनने तक की आपकी इस लंबी यात्रा की सबसे बड़ी प्रेरणा क्या रही?

जब मैं आपातकाल (1975-77) के कालखंड में 'एंटी–इमरजेंसी अंडरग्राउंड वर्कर' के रूप में कार्य कर रहा था, तब मैं निरंतर इस पर विचार और अध्ययन कर रहा था कि भारत की तत्कालीन अवस्था का मूल कारण क्या है। तब मेरे ध्यान में आया कि हमारी शिक्षा व्यवस्था में धर्म और संस्कृति की शिक्षा के लिए कोई स्थान ही नहीं है और युवाओं में इसकी समझ का नितांत अभाव है। मुझे लगा कि इसके लिए कार्य करना अनिवार्य है। चूँकि भारत की समस्त ज्ञान-संपदा और सांस्कृतिक धरोहर भारतीय भाषाओं, विशेषकर संस्कृत, में सन्निहित है, इसलिए मैंने विचार किया कि संस्कृत का प्रचार-प्रसार करना चाहिए। उस समय मैं स्वयं संस्कृत नहीं जानता था। अतः मैंने पहले स्वयं चार वर्षों तक संस्कृत सीखी और तत्पश्चात प्रचार का कार्य प्रारंभ किया। भारत माता ही हम सबकी प्रेरणा का मूल स्रोत हैं।

आपने संस्कृत को आम बोलचाल की भाषा बनाने के लिए "संस्कृत संभाषण आंदोलन" (Speak Samskrit Movement) प्रारंभ किया था। एक छात्र के रूप में आपके मन में भाषाओं और विशेषकर संस्कृत के प्रति इतना गहरा लगाव कैसे उत्पन्न हुआ?

संघ में कभी भी केवल अपने लिए जीने का भाव नहीं होता। वहाँ सिखाया जाता है कि 'देह नश्वर है, देश शाश्वत है।'

जब नश्वर देह, शाश्वत देश के लिए निरंतर कार्य करती है, तब वह नश्वरता भी शाश्वतता को प्राप्त कर लेती है। यही संस्कार सबकी भलाई और सबके सुख के लिए कार्य करने की प्रेरणा देते हैं और जीवन का प्रधान कर्तव्य बन जाते हैं।

इसी संस्कार के कारण मैंने संस्कृत के लिए कार्य करना शुरू किया। उस समय संस्कृत आम लोगों के दैनिक व्यवहार की भाषा नहीं थी। यह केवल पूजा-पाठ या अध्ययन तक सीमित थी। इसलिए इसे दैनंदिन व्यवहार में लाना और लोगों को संस्कृत में बोलना सिखाना आवश्यक था। इस प्रकार 'संस्कृत संभाषण आंदोलन' की शुरुआत हुई। धीरे-धीरे वे संभाषण शिविर संस्कृत के पुनरुत्थान का एक सशक्त उपकरण बने। उस माध्यम से लाखों शिक्षकों का प्रशिक्षण हुआ, करोड़ों लोगों ने शिक्षा प्राप्त की और सैकड़ों पुस्तकें प्रकाशित हुईं। फिर उसी माध्यम से एक विश्वव्यापी संगठन खड़ा हुआ। इस प्रकार यह आंदोलन निरंतर आगे बढ़ता गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) मातृभाषा में पढ़ाई पर बल देती है। एक स्कूली छात्र को अपनी मातृभाषा के साथ-साथ अन्य भारतीय भाषाएँ क्यों सीखनी चाहिए?

भारत सदैव एक बहुभाषी राष्ट्र रहा है। 'बहुभाषी भारत' का अर्थ केवल यह नहीं है कि यहाँ अलग-अलग लोग अलग-अलग भाषाएँ बोलते हैं, बल्कि इसका तात्पर्य यह है कि यहाँ का प्रत्येक नागरिक कई भाषाएँ जानता है। भारतीय भाषाएँ जानने के कई लाभ हैं—

पहला लाभ यह है कि भाषा किसी भी ज्ञान की दुनिया का प्रवेश-द्वार होती है। भाषा के माध्यम से ही हम वहाँ की संस्कृति और ज्ञान तक पहुँच पाते हैं। यदि हम केवल एक भाषा जानते हैं, तो हमारा ज्ञान सीमित हो जाता है। दूसरा लाभ यह है कि हम जितनी अधिक भाषाएँ सीखते हैं, हमारी मेधा (बुद्धि), चिंतन-शक्ति और कार्यक्षमता उतनी ही बढ़ती है। भाषा के द्वारा ही हम दुनिया का परिचय प्राप्त करते हैं, चिंतन करते हैं, ज्ञान का प्रसार करते हैं और व्यक्ति का भावनात्मक विकास भी भाषा से ही होता है। इसलिए मातृभाषा पर प्रभुत्व प्राप्त करना सबसे पहली आवश्यकता है। इसके साथ ही, हमारे परिवेश में, स्कूल में या बाजार में जो भाषाएँ बोली जाती हैं, उन्हें भी सीखना चाहिए। विद्यार्थी जीवन में प्रत्येक छात्र में 5–6 भाषाएँ सीखने की स्वाभाविक बौद्धिक क्षमता होती है, जो उसे ईश्वर से प्राप्त है। इसका उपयोग करने से छात्र का संज्ञानात्मक विकास बहुत अच्छा होता है।

दूसरा विषय यह है कि हम जितनी अधिक भारतीय भाषाएँ जानते हैं, देश में कहीं भी कार्य करने के लिए हमारे पास उतने ही अधिक अवसर होते हैं। यदि उच्च शिक्षा या रोजगार के लिए पड़ोसी राज्यों में जाना हो, तो वहाँ की भाषा सीखना बहुत लाभकारी होता है। मैं एक छोटा-सा उदाहरण देता हूँ। पिछले वर्ष 'बाल भवन भारतीय भाषा उत्सव' आयोजित किया गया था, जहाँ 22 भाषाओं को सिखाने और परिचित कराने के 22 स्टॉल (बूथ) थे। सभी छात्र वहाँ जाकर भाषाएँ सीखने का अभ्यास कर रहे थे। तभी मैंने दो छात्रों की बातचीत सुनी। एक छात्र कह रहा था, "अरे यार, यह कन्नड़ सीखने से क्या लाभ? फ्रेंच सीखें तो फ्रांस में नौकरी मिल सकती है।' तब दूसरे छात्र ने उत्तर दिया, 'देखो, जब तुम बेंगलुरु जाओगे और रेलवे स्टेशन पर उतरकर ऑटो वाले से अंग्रेजी या फ्रेंच में बात करोगे, तो वह शायद 200 रुपये माँगेगा, लेकिन यदि तुम कन्नड़ में बोलोगे, तो तुम्हारा काम 100 रुपये में ही हो जाएगा।' यह सुनकर वह पहला छात्र तुरंत कन्नड़ के बूथ पर गया और चार-पाँच वाक्य सीखे।"

तीसरा कारण भारत को विकसित बनाना है। भारतीय भाषाओं में जो ज्ञान है, उसी के आधार पर भारत का विकास संभव होगा। इसलिए जिन छात्रों को अधिक भारतीय भाषाएँ आती होंगी, उन्हें रोजगार भी शीघ्र मिलेगा। अनुवाद के क्षेत्र में अपार अवसर हैं और अब 'एआई' (AI) टूल्स भी भारतीय भाषाओं में बन रहे हैं, जिससे भाषा जानने वालों के लिए बेहतरीन संभावनाएँ बन रही हैं।

प्रायः छात्रों और अभिभावकों में यह भ्रम होता है कि केवल अंग्रेजी ही सफलता और अच्छे करियर की कुंजी है। भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष के रूप में आपका इस पर क्या विचार है?

देखिए, हम अंग्रेजी के विरोध में नहीं हैं। अंग्रेजी के महत्व को भी मानते हैं। अंग्रेजी जरूर जाननी चाहिए। लेकिन पिछले 200 वर्षों से यानी अंग्रेजों के काल से अब तक, अंग्रेजी के प्रचार-प्रसार के लिए कई प्रकार के संगठित प्रयास हुए हैं।

इसी कारण यह भ्रम फैलाया गया कि अंग्रेजी एक 'ग्लोबल लैंग्वेज' है और इसे पढ़ने से ही देश के बाहर अवसर मिलेंगे। पर सवाल यह है कि भारत के कितने प्रतिशत लोग विदेश जाते हैं? यह संख्या 1% भी नहीं है। 99% लोग भारत में ही रहते हैं। दूसरा तर्क दिया जाता है कि दूसरे राज्यों में काम करने के लिए अंग्रेजी आवश्यक है। यह भी पूरी तरह सही नहीं है। आप देखिए, अधिकांश डॉक्टर, वकील और व्यापारी अपने ही प्रांत में कार्य करते हैं। मुश्किल से 5–10% लोग ही बाहर काम करते होंगे। जिन्हें बाहर जाना है, वे अंग्रेजी पढ़ें, हम इसके विरोध में नहीं हैं। अंग्रेजी का ज्ञान होना अच्छी बात है। जो भारतीय तीन भाषाएँ जानता है, उसके लिए चौथी भाषा सीखना कोई बड़ी बात नहीं है। आप अंग्रेजी सीखें, लेकिन अपनी भाषाओं को छोड़कर नहीं। 'अंग्रेजी ही सर्वस्व है'— यह सोचना मैकाले की शिक्षा व्यवस्था का प्रभाव है। अब माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हो रहे नीतिगत प्रयासों से देश की मानसिकता बदल रही है और हम आत्महीनता की भावना से मुक्त हो रहे हैं।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के इस दौर में जहाँ अनुवाद उपकरण, (जैसे– भाषिणी, आदि वाणी या अनुवादिनी) तेजी से विकसित हो रहे हैं, वहाँ भारतीय भाषाओं का भविष्य क्या है? क्या तकनीक भाषाओं को बचाएगी या उन्हें मशीनी बना देगी?

देखिए, तकनीक का अपना महत्व है। प्रोग्रामिंग, एल्गोरिदम, सर्वर, जी.पी.यू. (GPU) इत्यादि तकनीक का हिस्सा हैं। लेकिन भारतीय भाषाओं में एआई टूल को प्रशिक्षित करने के लिए भारतीय भाषा-डेटा चाहिए। जब भारतीय भाषाओं में विशाल मात्रा में डिजिटल डेटा तैयार होगा, तभी इन मशीनों द्वारा अनुवाद की सटीकता (Accuracy) बढ़ेगी। अतः जो लोग भाषाओं में निपुण हैं, वे इन क्षेत्रों में बड़ा योगदान दे सकते हैं। तकनीक चाहे कितनी भी उन्नत हो जाए, अंततः 'मैन्युअल एडिटिंग' (मानवीय संपादन) अनिवार्य रहेगी। इसलिए भाषाओं के जानकारों के लिए अवसर और बढ़ेंगे।

इसके साथ ही यह भी समझना चाहिए कि भाषा केवल शब्दों का संग्रह नहीं होती, बल्कि वह संस्कृति, संवेदना, परंपरा और समाज की स्मृति की वाहक भी होती है। तकनीक भाषाओं के प्रसार, संरक्षण और उपयोग को निश्चित रूप से बढ़ा सकती है, पर भाषा की आत्मा को जीवित रखने का कार्य मनुष्य ही करेगा। इसलिए भविष्य उसी का है, जहाँ तकनीक और मानवीय भाषा-बोध दोनों साथ-साथ चलें। भारतीय भाषाओं का भविष्य उज्ज्वल है, बशर्ते हम उन्हें डिजिटल युग के अनुरूप समृद्ध भी करें और उनके मानवीय स्वरूप को भी बनाए रखें।

भारतीय भाषा समिति ने 'भारतीय भाषा परिवार' शीर्षक से पुस्तकें प्रकाशित की हैं। इस पर कुछ प्रकाश डालिए?

'भारतीय भाषा परिवार' विषय पर पुस्तकों का निर्माण देश के जाने-माने भाषाविज्ञानियों और प्राध्यापकों ने किया है तथा नेशनल बुक ट्रस्ट (NBT) ने इन्हें प्रकाशित किया है। भारतीय भाषा समिति ने इसमें समन्वयकारी भूमिका निभाई है। इसका मुख्य उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि भाषाएँ लोगों को जोड़ने का साधन हैं, तोड़ने का नहीं।

अंग्रेजों ने 'बाँटो और राज करो' की नीति के तहत 'आर्यन आक्रमण' (Aryan Invasion Theory) जैसा भ्रामक सिद्धांत गढ़ा और भारतीय भाषाओं को अलग-अलग बताकर उन्हें एक-दूसरे के विरोध में खड़ा करने का प्रयास किया। अब आर्यन आक्रमण का सिद्धांत निराधार सिद्ध हो चुका है, इसलिए उसके आधार पर बने भाषा-सिद्धांत भी सही नहीं माने जा सकते।

भारत में 'विविधता में एकता' विद्यमान है और इसका कारण भाषायी विविधता के बीच भी लोगों में व्याप्त आत्मीयता भी है। इसी एकता के कारण भारत हजारों वर्षों से एक अखंड सांस्कृतिक प्रवाह के रूप में जीवित है। 'भारतीय भाषा परिवार' का विचार इसी एकता और आत्मीयता को सुदृढ़ करने के लिए प्रस्तुत किया गया है।

इस पुस्तक में भाषायी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, मानवशास्त्रीय और जेनेटिक अध्ययनों के साक्ष्यों के आधार पर इस विचार की स्थापना की गई है। यह कार्य अत्यंत

सामयिक है, क्योंकि देश इस समय 'परिवर्तन के अमृत काल' से गुजर रहा है। हमें उन विभेदनकारी विचारों से मुक्त होना होगा, जिन्होंने समाज में अनावश्यक दूरियाँ उत्पन्न कीं। अंग्रेजों के आने से पहले भारत में भाषा के आधार पर कभी झगड़ा नहीं हुआ; भाषा हमेशा जोड़ने का कार्य करती थी। हम उसी युग को पुनः स्थापित करना चाहते हैं।

आपकी अब तक की यात्रा में वह कौन-सा क्षण रहा है, जिसने आपको सबसे अधिक आत्मसंतुष्टि दी और लगा कि आपका भाषायी प्रयास सफल हो रहा है?

इसमें मेरी व्यक्तिगत संतुष्टि या सफलता मुख्य नहीं है। भारत का विकास, युवाओं की आकांक्षाओं की पूर्ति और सबका हित ही सर्वोपरि है। मैं तो उस विराट समाज-सिंधु का एक छोटा-सा बिंदु मात्र हूँ। आज जब मैं युवाओं में भारतीय भाषाओं के प्रति बढ़ता आकर्षण और गर्व देखता हूँ, वही मेरे लिए परम आनंद और सफलता का क्षण है। यही भावना मुझे निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देती है। यदि युवा अपनी भाषाओं, अपनी संस्कृति और अपनी जड़ों से जुड़े रहें, तो यही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का सबसे बड़ा आधार बनेगा।

हमारी इस राष्ट्रीय पत्रिका को पढ़ने वाले लाखों स्कूली बच्चों को आप उनकी मातृभाषा और भाषायी धरोहर को लेकर क्या संदेश देना चाहेंगे?

भाषा केवल भावों की अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है। अन्य देशों में इसे केवल संवाद का साधन माना जाता होगा, लेकिन भारत में हम भाषा को 'वाग्देवी' (माता सरस्वती) मानते हैं। हम भाषा को एक दिव्य, पवित्र चेतना और भगवत् शक्ति के रूप में देखते हैं। भाषा से ही हमारा संपूर्ण भाव-विकास होता है और हम एक-दूसरे से जुड़ते हैं।

आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने हमें 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का विचार दिया है। हर युवा को यह समझना चाहिए कि भारत में नाम अनेक हैं, पर भगवान एक है; मार्ग अनेक हैं, पर गंतव्य एक है; भाषाएँ अनेक हैं, पर भाव एक है; राग अनेक हैं, पर भक्ति एक है; अभिव्यक्तियाँ अनेक हैं, पर संस्कृति एक है; और राज्य अनेक हैं, पर भारत एक है। यही 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना है। मेरा आग्रह है कि प्रत्येक छात्र अपनी भाषाओं को समृद्ध करे और प्रति वर्ष कम से कम एक नई भारतीय भाषा सीखने का क्रम जारी रखे। इससे आपका अपना और देश का सर्वांगीण विकास होगा।

DID YOU KNOW?

Bharati Sangraha: Strengthening India's Multilingual Digital Ecosystem

Bharati Sangraha is an important initiative designed to integrate India's rich linguistic diversity into the digital and technological landscape. As part of the Bharati Bahubhashi Anuvada Sarthi Initiative, it focuses on creating, collecting, and managing high-quality multilingual datasets for various Indian languages.

The initiative brings together government agencies, academic institutions, universities, researchers, and language experts onto a unified digital platform. This collaborative ecosystem promotes knowledge sharing and innovation in language technology.

By enabling the effective use of Indian languages in artificial intelligence and emerging digital technologies, Bharati Sangraha plays a key role in preserving linguistic heritage while making technology more inclusive. Additionally, the availability of reliable and diverse datasets enhances the accuracy and performance of language models, ensuring better translation and communication outcomes.

कहानी

मधुरम की मधुर सीख



ये कहानी है मधुरम नामक एक सुंदर बस्ती की। वहाँ चारों ओर हरियाली, रंग-बिरंगे पुष्प और उनकी मनमोहक सुगंध फैली रहती थी। सुसज्जित और आकर्षक घरों के कारण यह बस्ती और भी रमणीय प्रतीत होती थी।

किंतु इस बस्ती की वास्तविक विशेषता उसकी प्राकृतिक सुंदरता से भी बढ़कर वहाँ रहने वाले लोगों की मधुर वाणी और आपसी सौहार्द था। यहाँ के लोग विभिन्न भाषाएँ बोलते थे, फिर भी सभी हिंदी समझते और बोलते थे। प्रत्येक परिवार अपनी-अपनी परंपराओं के अनुसार दिन की शुरुआत करता था।

विमान बंदोपाध्याय 'शुभो सोकाल' कहकर सुबह का अभिवादन करते, जिसका उत्तर लोहड़ीराम जी 'सत श्री अकाल' कहकर देते। वहीं सुब्रमण्यम जी तमिल में 'वणक्कम' कहते और गुजराती परिवार के लोग 'केम छो' बोलकर एक-दूसरे का स्वागत करते। यहाँ रहने वाले लोग भारत के विभिन्न प्रदेशों से रोजगार की तलाश में आकर बस गए थे। विमान बंदोपाध्याय का परिवार पश्चिम बंगाल के मिदनापुर से यहाँ आया था, तो वहीं लोहड़ीराम जी पंजाब के गुरदासपुर से आकर यहाँ बसे थे। रामलाल का परिवार गुजरात के अरावली जिले से था, जबकि सुब्रमण्यम जी तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली के रहने वाले थे।


एक रविवार को सभी परिवारों के बच्चे बस्ती के बगीचे में खेल रहे थे। खेलते-खेलते जब वे थक गए, तो एक वृक्ष की छाया में बैठकर विश्राम करने लगे। तभी लोहडीराम जी का पुत्र महेश बोला—

"हमारी पंजाबी भाषा सबसे श्रेष्ठ है।"

इस पर सुब्रमण्यम जी का पुत्र शिवन तुरंत बोला—

"नहीं, हमारी तमिल भाषा श्रेष्ठ है।"

देखते ही देखते सभी बच्चे अपनी-अपनी भाषा को श्रेष्ठ सिद्ध करने लगे और आपस में वाद-विवाद करने लगे। उसी समय बगीचे में टहल रहे श्यामू चाचा, वहाँ आए।





उन्होंने स्नेहपूर्वक पूछा—

"बच्चों, क्या बात है? तुम लोग क्यों झगड़ रहे हो?"

वहाँ बैठी पलक ने उत्तर दिया—

"श्यामू चाचा, सब लोग अपनी-अपनी भाषा को श्रेष्ठ बता रहे हैं, अब आप ही निर्णय कीजिए कि कौन-सी भाषा श्रेष्ठ है।"

श्यामू चाचा मुस्कुराए और बोले—

"अच्छा, तो यही समस्या है! इसका समाधान मेरे पास है।"

उन्होंने बच्चों से कहा—

"तुम इस बगीचे के सुंदर फूलों को देख रहे हो? अब तुम सब एक-एक अलग रंग का फूल लेकर आओ।"

सभी बच्चे अलग-अलग रंगों के फूल लेकर उनके पास आ गए।

श्यामू चाचा ने फूलों को हाथ में लेते हुए कहा—

"मान लो कि ये फूल हमारे देश के विभिन्न राज्य हैं और इनके अलग-अलग रंग हमारी भाषाओं का प्रतीक हैं।"

फिर उन्होंने उन सभी फूलों को मिलाकर एक सुंदर गुलदस्ता बना दिया और बोले—

"देखो बच्चों! ये फूल पहले अलग-अलग थे, लेकिन अब एक गुलदस्ते में बँधकर और भी सुंदर लग रहे हैं। इसी प्रकार हमारे देश के सभी राज्य और भाषाएँ मिलकर भारत की एकता और सुंदरता को बढ़ाते हैं। इसलिए हर भाषा महत्वपूर्ण और सम्माननीय है। हमें अपनी मातृभाषा के साथ-साथ अन्य भाषाओं का भी आदर करना चाहिए।"

श्यामू चाचा की बात सुनकर बच्चों को अपनी भूल का एहसास हुआ। उन्होंने एक-दूसरे से क्षमा माँगी और आपसी प्रेम बनाए रखने का संकल्प लिया।

धीरे-धीरे शाम हो गई और सभी बच्चे अपने-अपने घर लौट गए। घर जाकर उन्होंने यह घटना अपने परिवार वालों को बताई। सभी ने श्यामू चाचा के विचारों का समर्थन किया।

इसके बाद बस्ती के लोगों ने यह निर्णय लिया कि वे हर सप्ताह एक घंटे के लिए एकत्र होकर अपनी भाषा के साथ-साथ अन्य भाषाओं को भी सीखेंगे।

संजना बेन मोरालभाई किशोरी
कक्षा– 9
ई. एम. आर. एस., महीसागर, गुजरात

POEM

সংস্কৃতির মেলা

ভারত আমাদের মাতৃভূমি, রূপের নেই কোনো শেষ,
নানা সংস্কৃতির মধ্যেও ভালোবাসা দিয়ে গড়া এই দেশ।
নানা ভাষা, নানা জাতি, নানা পরিধান,
বিচিত্র এই দেশে সবার সমান সম্মান।
কেউ বলে বাংলা, উর্দু, হিন্দি অথবা তামিল,
এত প্রকারের ভাষার মধ্যেও কারোর মনে নেই অমিল।
পাঞ্জাবে দেখি ভাঙড়া নাচন, দক্ষিণে ভরতনাট্যম,
বিহুর তালে হয় আসাম মাতোয়ারা, কেরালাতে মোহিনীয়াট্টম।
ঈদেতে হয় কোলাকুলি, আর পুজোয় বাজে ঢাকের কাঠি,
সব উৎসবের রঙে রঙিন ভারতের এই মাটি।
কেউ পরে ধুতি-পাঞ্জাবি, কেউ বা পরে শাড়ি,
সবার সাথে সবার বন্ধুত্ব, নেই তো কারোর আড়ি।
কেউ যায় মন্দিরে পূজা দিতে, কেউ বা যায় মসজিদে নামাজ পড়তে,
সবাই শিখি এই দেশে একে অপরকে সম্মান করতে।
ঈদে আমরা সেমাই খাই, ও পুজোয় নাড়ু ও মিষ্টি,
সবাই মিলে আনন্দ করি, করি মিলনের সৃষ্টি।
নানা ভাষা, নানা বেশের এই আমাদের দেশ,
মিলে মিশে থাকি মোরা, নেই কোনো ভেদাভেদ।
নানা রকমের সংস্কৃতি আর মোদের এক প্রাণ,
ভারত মোদের গর্ব আর ভারত মোদের মান।



Rimi Biswas
Grade– 6
St. Augustines Day School For Girls, Barrackpore, West Bengal

POEM

ক্লাসরুম

কাঠের বেঞ্চ, দুটো জানালা, একটা দরজা,
এইখান থেকেই শুরু শিক্ষা, এখানেই হয় সাজা।
এখানেই আছে টেবিল, এখানেই আছে চক,
এখানেই আছে ডাস্টার, এখানেই শিক্ষক।
এই রুমে আছে বেঞ্চ, এই রুমে পাঠ,
এখানেই আছে জ্ঞান—এটাই আমাদের ক্লাস।
ক্লাসরুমেই রবীন্দ্রনাথের শান্তিনিকেতন,
জানালা বেয়ে অনেক দূর চলে যেতে চায় মন।
বইয়ের পাতায় আঁকা আছে শহীদের স্বাধীনতা,
দেখলেই যেন বই উল্টায় না পাতা।
বেঞ্চে যেন খোলা আছে রূপকথার ওই খাতা,
জানালাতে চোখ দিলেই যেন ঝরে গাছের পাতা।

Swarnendu Singhgrahi
Grade– 8
PM SHRI J.N.V., Bankura, West Bengal



भारतेंदु हरिश्चंद्र

(1850–1885)



भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत भारतेंदु हरिश्चंद्र (1850–1885) का जन्म काशी में हुआ था। हिंदी साहित्य एवं युग चेतना के विकास में उनका योगदान अप्रतिम है। उन्होंने 'तदीय समाज' की स्थापना की और 'कविवचन सुधा', 'हरिश्चंद्र मैगजीन' एवं 'बालाबोधिनी' पत्रिकाओं का संपादन किया।

उनका रचना संसार विपुल है। मात्र 35 वर्ष के अत्यल्प जीवन काल में अपनी लेखनी से उन्होंने हिंदी साहित्य की विविध विधाओं को समृद्ध किया है। उनकी रचनाओं में 'प्रेम मालिका', 'प्रेम सरोवर', 'प्रेम फुलवारी', 'प्रेम प्रलाप' आदि (काव्य); 'विद्या सुंदर', 'पाखंड विडंबन', 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति', 'सत्य हरिश्चंद्र', 'प्रेम जोगिनी', 'भारत दुर्दशा', 'अंधेर नगरी', 'भारत जननी' (नाटक); 'भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है', 'एक अद्भुत अपूर्व स्वप्न', 'रामायण का समय', 'मणिकर्णिका' आदि (निबंध); 'कुछ आपबीती कुछ जगबीती' (आत्मकथा) एवं 'सरयूपार की यात्रा', 'लखनऊ की यात्रा' (यात्रा वृत्तांत) आदि उल्लेखनीय हैं।

निज भाषा उन्नति अहै

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल
बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटै न हिय को सूल।
अंग्रेजी पढ़ि के जदपि, सब गुन होत प्रवीन
पै निज भाषा-ज्ञान बिन, रहत हीन के हीन।
उन्नति पूरी है तबहिं, जब घर उन्नति होय
निज शरीर उन्नति किये, रहत मूढ़ सब कोय।
निज भाषा उन्नति बिना, कबहुं न ह्वैहैं सोय
लाख उपाय अनेक यों भले करे किन कोय।
इक भाषा इक जीव इक मति सब घर के लोग
तबै बनत है सबन सों, मिटत मूढ़ता सोग।
और एक अति लाभ यह, या में प्रगट लखात
निज भाषा में कीजिए, जो विद्या की बात।
तेहि सुनि पावै लाभ सब, बात सुनै जो कोय
यह गुन भाषा और मँह, कबहूं नाहीं होय।
विविध कला शिक्षा अमित, ज्ञान अनेक प्रकार
सब देसन से लै करहु, भाषा माँहि प्रचार।
भारत में सब भिन्न अति, ताहीं सों उत्पात
विविध देस मतहू विविध, भाषा विविध लखात।
सब मिल तासों छांड़ि कै, दूजे और उपाय
उन्नति भाषा की करहु, अहो भ्रातगन आय।

आओ सीखें संस्कृत भाषा

हिंदी	संस्कृत	English
आपका नाम क्या है?	भवत्याः/भवतः नाम किम्?	What is your name?
मेरा नाम सुहासिनी/सुहास है।	मम नाम सुहासिनी/सुहासः अस्ति।	My name is Suhasini/Suhaas.
आप किस कक्षा में पढ़ती/पढ़ते हैं?	भवती/भवान् कस्यां कक्षायां पठति।	Which class do you study in?
मैं कक्षा आठ में पढ़ती/पढ़ता हूँ।	अहम् अष्टमकक्षायां पठामि।	I study in Class 8.
आपके माँ-पिताजी का नाम क्या है?	भवत्याः/भवतः मातुः पितुः च नाम किम्?	What are your parents' names?
मेरी माँ का नाम पुष्पा और पिता का नाम प्रकाश है।	मम मातुः नाम पुष्पा पितुः च नाम प्रकाशः अस्ति।	My mother's name is Pushpaa and my father's name is Prakash.
आप कहाँ रहती/रहते हैं?	भवती/भवान् कुत्र निवसति?	Where do you live?
मैं राँची में रहती/रहता हूँ।	अहं राँची नगरे निवसामि।	I live in Ranchi.
आपके स्कूल का नाम क्या है?	भवत्याः/भवतः विद्यालयस्य नाम किम्?	What is the name of your school?
मेरे स्कूल का नाम राजकीय बाल विद्यालय है।	मम विद्यालयस्य नाम राजकीयबालविद्यालयः अस्ति।	The name of my school is Rajkiya Bal Vidyalaya.
आपके कक्षा अध्यापक कौन-सा विषय पढ़ाते हैं?	भवत्याः/भवतः कक्षाध्यापकः कं विषयं पाठयति?	What subject does your class teacher teach?
मेरे कक्षा अध्यापक संस्कृत भाषा पढ़ाते हैं।	मम कक्षाध्यापकः संस्कृतभाषां पाठयति।	My class teacher teaches the Sanskrit language.
आपकी किस विषय में अधिक रुचि है?	भवत्याः/भवतः अधिका रुचिः कस्मिन् विषये वर्तते?	Which subject interests you the most?
मुझे भाषा पढ़ना अच्छा लगता है।	मह्यं भाषाध्ययनम् अधिकं रोचते।	I like learning languages.

ARTICLE

খিৰিকি

২০১৬ চনৰ কথা। ময়ুৰ কৃষ্ণ হাজৰিকা, অষ্টম শ্ৰেণীত পঢ়ি থকা এটা সহজ-সৰল ল'ৰা। সি পঢ়াত ইমান এটা ভাল নাছিল যদিও প্ৰতিটো বিষয়তে ভাল নম্বৰেই পাই আহিছে। স্কুলৰ শিক্ষক-শিক্ষয়িত্ৰীয়ে তাৰ সহজ-সৰল স্বভাৱটোৰ কাৰণে বৰ মৰম কৰিছিল। সিও প্ৰতি গৰাকী শিক্ষক আৰু শিক্ষয়িত্ৰীক সন্মান কৰিছিল। কিন্তু সি লগৰ ল'ৰা –ছোৱালীবোৰৰ লগত বৰ কথা – বতৰা পাতি ভাল নাপাইছিল। সি সদায় অকলেই থাকি ভাল পাইছিল। অকলশৰীয়া ময়ুৰে সদায় তাৰ ঘৰৰ পিছফালে থকা খেলপথাৰখনত থকা খোনো ল'ৰা-ছোৱালীকে মাতিব নুখুজিছিল। সি যেতিয়াই তালৈ যায় হাতত এখন উপন্যাস লৈ যায়। প্ৰকৃত পৃথিৱীখনতকৈ সি উপন্যাসৰ জগতখন ভাল পাইছিল। বেছিভাগ সময়েই তাত ল'ৰা-ছোৱালীয়ে ভৰি থাকে, কিন্তু কিয় জানো, আৰেলি হোৱাৰ লগে লগে তাৰ পৰা কিছুসংখ্যক ল'ৰা-ছোৱালী ঘৰমুৱা হয়। সেই সময়খিনিতে ময়ুৰ স্কুলৰ পৰা ঘুৰি আহে। খেলপথাৰ খনৰ মাজেৰে চাইকেলত আহি থাকোতে সি কেতিয়াবা ভাবে যে – গোটেই পথাৰখনত ইমানবোৰ ল'ৰা-ছোৱালী আছে কিন্তু তাৰে মাজত কেৱল সিহে নিসংগতাৰ চিকাৰ হৈছে। তাক সিহঁতে নামাতে কাৰণে সিও উপযাচি মাতিবলৈ ইচ্ছা প্ৰকাশ নকৰে। কোনোবাই মাতিলেও সি ভালকৈ উত্তৰবোৰ দিব নোৱাৰে বাবেই চাগে তাক সিহঁতে মাতিব নোখোজে।

সন্ধিয়া হৈছে, পথাৰৰ বেছিভাগ ল'ৰা-ছোৱালীয়েই ঘৰা-ঘৰি গৈছে। ময়ুৰে তাৰ পঢ়া টেবুলখনৰ সমুখৰ খিৰিকিখন খুলি এবাৰ পথাৰখনলৈ চাইছে।তাৰ পঢ়া টেবুলৰ পৰা খেলপথাৰখন ভালকৈ দেখা পায়। তাৰ মন আজি ব্যাকুল। পথাৰখনৰ চাৰিওফালে বেঢ়ি ৰখা বকুল আৰু সোণাৰু গছকেইজোপা , পথাৰখন আৰু ৰাস্তাটো সংযোগ কৰা সেই শুকান পাতেৰে ভৰি থকা পুলটো ,পথাৰখনৰ এচুকত ছাঁ পেলাই থকা বৃহৎ আইঁত গছজোপাই যেন আজি তাক প্ৰশ্ন কৰিছে –" ময়ুৰ , কেতিয়াবা আমালৈ মনত পৰেনে ? সেই দিনটোৰ পাছৰে পৰা তুমি আমাৰ ওচৰলৈ অহা নাই"। ময়ুৰ যেন অস্থিৰ হৈ উঠিল। খিৰিকিখন ঘপহকৈ জপাই দি মনত পেলালে সেই দিনটোলৈ।

২০১৪ চনৰ কথা। ময়ুৰ তেতিয়া ষষ্ঠশ্ৰেণী উত্তীৰ্ণ হৈছে। স্কুল তেতিয়া খোলা নাই। সি তাৰ মৰমৰ বন্ধুৰ লগত সেই পথাৰখনলৈ খেলিবলৈ বুলি ওলাই আহিছিল। পঞ্চম শ্ৰেণীত সি লগ পোৱা আৰোহণ তাৰ ভাল বন্ধু হৈ পৰিছিল। ষষ্ঠ শ্ৰেণী পাঁওতে পাঁওতে ময়ুৰ আৰু আৰোহণ নলে-গলে লগা বন্ধু হৈ পৰিছিল।

ময়ুৰে আৰোহণক লগ পোৱাৰ আগতে বৰ শান্ত আছিল। কাৰোৰে লগত কথা পাতি ভাল নাপাইছিল। সি অলপ লাজুকীয়া, বৰ বেছি কথা নাপাতে। কোনোবাই কিবা সুধিলে কেৱল উত্তৰ দিয়ে উপযাচি মাতিবলৈ সাহ নকৰে। পঞ্চম শ্ৰেণীত আৰোহণক লগ পোৱাৰে পৰা সি সলনি হৈছিল। কথা পাতিছিল, হাঁহিছিল আৰু ধেমালিও কৰিছিল। এই পৰিবৰ্তনটো তাৰ মাক- দেউতাকেও লক্ষ্য নকৰা নহয়।

খেলপথাৰখনত তেতিয়াও বহুত ল'ৰা-ছোৱালী। ময়ুৰ আৰু আৰোহন পখাৰখনৰ মাজভাগ পালেহি। সকলোৱে তেতিয়া ক্ৰিকেট খেলি আছিল। সিহঁতৰ লগতে ময়ুৰ আৰু আৰোহনো সোমাই পৰিল। খেলি থকা মাজতে আৰোহন পানী খাবলৈ বুলি পথাৰখনৰ চুকৰ গছজোপাৰ তললৈ গ'ল, তাতে সকলোৱে খাবলৈ অনা পানী ৰাখে। তাত গৈ বহোতেই তাৰ মূৰৰ ওপৰত যেনে-তেনে লাগি থকা শুকান ডালটো হঠাত সৰি পৰিল। হঠাত তাৰ কাষতে বহি থকা অচিনাকি ল'ৰাটোৱে তাক টান মাৰি সি বহি থকাৰ পৰা উঠাই আনিলে।আৰোহনে একো তলকিবই নোৱাৰিলে। হয়তো ডালটো শুকান হোৱাৰ বাবে ভাগি পৰিছিল। ভগা ডালটো থমহকৈ পৰি বৈ

গ'ল। আৰোহণে সেই ল'ৰাটোক ধন্যবাদ জনাই আকৌ খেলিবলৈ ঘুৰি আহিলে।

আৰোহনৰতো সেইদিনা একো নহ'ল কিন্তু সেই ৰাতিয়েই সিহঁতৰ ঘৰত তাক সহায় কৰা সেই ল'ৰাটোৱে ৰাতিটো কটাবলৈ আহিল। তাৰ নাম ৰক্তিম। ৰক্তিম অনাথ হোৱাৰ বাবেই আৰোহনৰ মাক-দেউতাকে তাক ৰাতিটো থাকিবলৈ দিলে। সেইটো সিদ্ধান্তই হয়তো সিহঁতৰ আটাইতকৈ ডাঙৰ ভুল আছিল।

সেই ৰাতিয়েই ৰক্তিমে তাৰ লগত অনা মেচি দা-খনেৰে গোটেই ঘৰৰ মানুহক নৃসংশ ভাৱে হত্যা কৰিছিল। পিছত গম পোৱা গৈছিল যে সেই লৰাটোৱে তেনেকৈ বহুত মানুহক মাৰিছিল। পুলিচেও তাক ইমান দিনে ধৰিব পৰা নাছিল। শেষত আৰোহনহঁতৰ ঘৰৰ পাছত আৰু এঘৰক তেনেকৈ মৰাৰ পাছত সি পুলিছৰ হাতত ধৰা পৰিল।

সেইদিনা ময়ুৰ ভাগি পৰিছিল। তাৰ মৰমৰ বন্ধু আৰু এই পৃথিৱীত নাই। ময়ুৰৰ দুখ লাগিছিল, কিন্তু মৰা মানুহ এজনক পুনৰ জীয়াই তুলিব পৰা শক্তিটো তাৰ নাই। ময়ুৰ যেন আজি আকৌ অকলশৰীয়া। সি কাৰো লগত কথা নাপাতিছিল, নাহাঁহিছিল। সম্পূৰ্ণৰূপে মাত-বোল বন্ধ কৰি দিয়াত তাৰ মাক-দেউতাকো চিন্তিত হৈ পৰিছিল। সময় তাৰ বাবে নিষ্ঠুৰ হৈ পৰিছিল। সময় ! সময় এনে এক শক্তি যি কাৰো বাবে অপেক্ষা নকৰে। সময় গতিশীল, সময়ৰ লগত খোজ দিব পাৰিলে মানুহ সফল হয়, কিন্তু সময়ক উপেক্ষা কৰিলে মানুহে জীৱনত বহু কিবা হেৰুৱাবলগা হয়। যিকোনো বস্তু সময়ৰ লগত সলনি হয়। সুখ বা দুখ কেতিয়াও স্থায়ী নহয়। অতীতৰ বেয়া দিনবোৰ সুৱঁৰি বৰ্তমানক উপেক্ষা কৰাৰ কোনো যুক্তি নাই।

সময় পাৰ হোৱাৰ লগে লগে ময়ুৰ অলপ স্থিৰ হ'ল। কথাখিনি মনত পেলাই ময়ুৰ পঢ়া টোবুলত কিতাপ এখন খুলি বহি আছে। কিয় জানো তাৰ আজি মন গল কিতাপ খন লৈ পথাৰ খনলৈ যাবলৈ। পিছে আন্ধাৰ হোৱাৰ বাবে সি কাইলৈ ৰাতিপুৱাই যাব বুলি ঠিৰাং কৰিলে।

আজিৰ পৰা স্কুল বন্ধ। পৰীক্ষা শেষ হোৱাৰ পাছত এটা দীঘলীয়া বন্ধ দিয়ে। ৰাতিপুৱাই ময়ুৰ ওলাই গৈছে হাতত উপন্যাস এখন লৈ। শুকান পাতেৰে ভৰি থকা পুলটো পাৰ ইঁওতেই তাৰ কাণত পৰিছে এক অনন্য কোলাহল। সি কেতিয়াও এই চিঞৰবোৰ, আনন্দত মৰা উকিবোৰ, কথাপাতি থাকোতে হাঁহি-খিকিণ্ডালিৰে ভৰি থকা কোলাহলবোৰ লক্ষ্য কৰা নাছিল। আজি কৰিছে। বকুল আৰু সোণাৰু কেইজোপাৰ ছাঁৰ আশ্রয় লৈ হাঁহি থকা ছোৱালীবোৰলৈ সি এবাৰ চালে। তাৰ মনত পৰিল কেনেকৈ সি খিৰিকিৰ পৰা হাঁহিৰ জোৱাৰ তুলি থকা সেই ছোৱালী কেইজনীলৈ চাইছিল। সি যদিও এই পথাৰখনলৈ প্রায়ে আহে তথাপিও সেই আইঁতজোপাৰ ওচৰলৈ নাযায়, কেৱল পাক এটা মাৰি ঘুৰি আহে। কিন্তু আজি সি সেই আইঁতজোপাৰ তলতে বহি 'পৃথিৱীৰ মৰম' কিতাপখন খুলি লৈছে। আজি যেন সকলো আনন্দিত৷ জোৰেৰে বৈ অহা বতাহজাকে কোবাই গৈছে। গছৰ পাতবোৰ বতাহ লাগি সৰি পৰিছে। সি হাঁহিছে ,তাক হাঁহি থকা দেখি লগৰবোৰ আজি আচৰিত৷ কোনোদিন হাঁহি ভাল নোপোৱা ময়ুৰে আজি হাঁহিছে৷ সিহঁতো আনন্দিত। সিহঁতৰ পুৰণা ময়ুৰ ঘুৰি আহিছে। আকৌ এক হাঁহিৰ জোৱাৰে জীপাল কৰি তুলিছে পৰিৱেশটো। তাৰে মাজৰে কোনোবাই চিঞৰি গাই উঠিছে জুৰিন গার্গৰ এটি জনপ্রিয় গীতৰ কলি – "নতুন ফাগুন মোৰ নামি আঁহা, দুচকুতে নামি চুমা দিয়া "

লগে লগে বেলেগ লৰা এটাই চিঞৰে – "আহ ফাগুন মোকেনো আজি চুমি যায়"

গান গোৱা শুনি ময়ুৰ আগবাঢ়ি আহিছিল আৰু সুৰ টানি গাই উঠিছিল পিছৰ কলিটো – "আবেগে ওপচা মন আজি উৰণীয়া, মোক উৰুৱাই নিয়ে ফাগুনৰ পচোৱাই জুৰণীয়া" সকলো আনন্দত নাচিছে। সকলোবোৰ যেন নতুনকৈ আৰম্ভ হৈছে। পথাৰখনৰ গছবোৰে যেন সিহঁতৰ গীত উপভোগ কৰি আজি আনন্দত বতাহৰ লগে লগে হাঁহি নাচিছে ।তাৰ মাজতে ময়ুৰে এবাৰ পাছলৈ ঘুৰি আইঁতজোপাক কলে – "উভতি আহিলো মই !"

Lineysha Das
Grade– 8
Golaghat Jatiya Vidyalaya, Golaghat, Assam

Bharat Innovates Deep-Tech Pre-Summit: A Dynamic Platform for Innovators

The 'Bharat Innovates' initiative was announced by Prime Minister Narendra Modi with the aim of strengthening India's innovation ecosystem. It seeks to build strong connections between academic institutions, start-ups, investors, and global stakeholders, enabling Indian innovations to reach international markets. The Ministry of Education, Government of India, organised the 'Bharat Innovates Deep-Tech Pre-Summit' on 21–22 March 2026 at IIT Bombay.

What is Bharat Innovates Initiative?

A flagship programme of the Ministry of Education, it operates under the strategic guidance of the Principal Scientific Advisor to the Government of India. The programme is conceived as a global accelerator for Indian deep-tech, building enduring bridges between India's higher education innovation ecosystem (startups, labs, and research parks) and global stakeholders including corporates, investors, incubators, universities, and governments.

This event reflects the vision of the National Education Policy 2020, which places innovation at the core of national development. It highlights how India's educational institutions are evolving beyond traditional classrooms to become centres of research, creativity, and technological advancement, shaping the future of a 'Viksit Bharat' by 2047.

Highlights of the Summit

The two-day event brought together some of the brightest minds in science, technology, and entrepreneurship. Union Education







Minister Dharmendra Pradhan addressed a special session, emphasising the importance of innovation-driven growth.

The summit showcased around 137 promising deep-tech startups selected from over 1186 applications across the country.

This summit served as a dynamic platform for young innovators to present cutting-edge ideas and solutions across key sectors such as advanced computing, healthcare, space technology, energy, and biotechnology.

The Pre-summit witnessed participation from over 200 startup founders, over 70 investors, and over 50 industry leaders, creating valuable opportunities for networking, mentorship, and collaboration.

The programme included an inaugural session followed by startup exhibitions through live stalls. Industry leaders, academics, incubators, and curated investors were invited to engage directly with the top 100 cohorts.

This event serves as the final domestic preparation stage before the selected teams represent India at the International Innovation Showcase in Nice, France (14–16 June 2026).

DID YOU KNOW?



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिवस महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों का सम्मान करने के लिये समर्पित है। इस दिवस की शुरुआत 20वीं सदी के प्रारंभ में उत्तरी अमेरिका और यूरोप में हुए श्रमिक तथा मताधिकार आंदोलनों से हुई। वर्ष 1909 में अमेरिका की सोशलिस्ट पार्टी ऑफ अमेरिका ने पहला राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया था। 8 मार्च को मनाने के पीछे का कारण वर्ष 1917 में इसी दिन रूस के पेत्रोग्राद शहर में महिलाओं द्वारा 'रोटी और शांति' की मांग को लेकर किए गए आंदोलन की स्मृति को संजोना है। संयुक्त राष्ट्र ने पहली बार 8 मार्च 1975 को इस दिवस को आधिकारिक रूप से मनाया। इसके बाद वर्ष 1977 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसे औपचारिक मान्यता प्रदान की। वर्ष 2026 के लिये इसकी थीम है—"अधिकार और न्याय के साथ-साथ हर महिला एवं बालिका के सशक्तीकरण के लिये वास्तविक कार्रवाई।"

बहुभाषी यह देश हमारा

विविध वर्ण, विविध स्वर यहाँ, सुरों की अनुपम खान है,
भारत की बहुभाषिकता, इसकी अनोखी पहचान है।
कोस-कोस पर पानी बदले, चार कोस पर बदले बानी,
हर बोली में छिपी है, इस मिट्टी की अमर कहानी।

कहीं संस्कृत की पावन ऋचाएँ, वेदों का उजियारा है,
कहीं तमिल की प्राचीन गरिमा, दक्षिण का ध्रुवतारा है।
तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम, अपनी छटा बिखेरती हैं,
मराठी और ओड़िया की लहरें, मन के तार छेड़ती हैं।

बंगाली की मिठास घुली है, जैसे रस की धार बहे,
असमिया और डोगरी की लय, पर्वत की पुकार कहे।
हिंदी सबकी सखी बनी, जो उत्तर-दक्षिण को जोड़ती है,
उर्दू की तहजीब यहाँ, भाषा में मिठास घोलती।

पंजाबी का जोश निराला, गुजराती की अपनी शान,
कोंकणी, सिंधी, कश्मीरी से महक रहा है हिंदुस्तान।


राजेश कुमार यादव
टी.जी.टी. (हिंदी)
बाल भारती पब्लिक स्कूल, एन.टी.पी.सी. नबीनगर, बिहार

POEM

ফুৰাৰ কথা

ককা আইতা কোৱাচোন
ক'ত যোৱা তোমালোক ?
ফুৰিবলৈ গৈছা যদি
লগত নিবানে মোক?
তোমালোকৰ লগত গৈ
মেলা, পার্ক আৰু ধুনীয়া ঠাই চাম
চহৰত বজাৰ কৰি
ভেলপুৰি আৰু মিঠাই খাম
আকৌ এবাৰ একেলগে ফুৰিবলৈ যাম,
এইবাৰ ভন্টিকো লগতে লৈ যাম৷

Nibir Bhasva Sandiky
Grade– 4
Kendriya Vidyalaya No. 4, Tezpur University



भारतीय ज्ञान का वैश्विक शिखर— नालंदा विश्वविद्यालय

भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान आधारित सभ्यता का देश रहा है। यहाँ विश्व के प्राचीनतम संस्थागत विद्या केंद्रों की विख्यात परंपरा रही है। यहाँ तक्षशिला, शारदा पीठ, ओदंतपुरी, वल्लभी, सोमपुरा, पुष्पगिरि और जगद्दल, नालंदा आदि विख्यात ज्ञान के केंद्र थे, जिन्होंने अपने ज्ञान से विश्व को आलोकित किया। इस लेख में हम हमारी इस महान ज्ञान परंपरा के महान केंद्र रहे नालंदा की चर्चा करेंगे।

बिहार की राजधानी पटना से लगभग 90 किलोमीटर दूर स्थित 'नालंदा' शब्द स्वयं में बहुत गहरा अर्थ समेटे हुए है। नालंदा नाम का अर्थ की व्याख्या विद्वानों ने एक ऐसे स्थान के रूप में की है, जो ज्ञान का उपहार निरंतर देता रहे। पाँचवीं शताब्दी से बारहवीं शताब्दी तक नालंदा न केवल भारत का, बल्कि विश्व का सबसे प्रतिष्ठित आवासीय विश्वविद्यालय था। 2016 में यूनेस्को द्वारा इसे विश्व धरोहर स्थल के रूप में चिह्नित किया गया।

गौरवशाली इतिहास

नालंदा की नींव गुप्त वंश के शासक कुमारगुप्त प्रथम ने पाँचवीं शताब्दी में रखी थी। इसके बाद हर्षवर्द्धन और पाल वंश के राजाओं ने इसे संरक्षण दिया।

यह वह समय था, जब पश्चिम में शिक्षा के केंन्द्र या विश्वविद्यालय अस्तित्व में भी नहीं आए थे, तब भारत में एक ऐसा संस्थान था, जहाँ पूरी दुनिया से छात्र ज्ञान की खोज में आते थे।

शिक्षा और विषय

नालंदा भारतीय दर्शन की वैश्विक शिक्षा का प्रमुख केंद्र था। यहाँ का पाठ्यक्रम अत्यंत व्यापक था। यहाँ बौद्ध दर्शन, वेदांत, तर्क, गणित एवं आयुर्वेद जैसे विषयों की शिक्षा दी जाती थी। यहाँ लगभग 10,000 छात्र पढ़ते थे और उन्हें पढ़ाने के लिए 2,000 अत्यंत विद्वान आचार्य थे। आचार्य शीलभद्र और धर्मपाल जैसे प्रसिद्ध बौद्ध विद्वानों ने यहाँ अध्यापन किया था। नालंदा की सबसे बड़ी विशेषता इसका पुस्तकालय था, जिसे 'धर्मगंज' कहा जाता था। यह तीन विशाल बहुमंजिला इमारतों में स्थित था, जिनके नाम रत्नोदधि, रत्नसागर और रत्नरंजक थे।

कठिन प्रवेश प्रक्रिया और अनुशासन

आज के समय में जैसे हम कठिन प्रवेश परीक्षाएँ (Entrance Exams) देते हैं, नालंदा में इसकी शुरुआत सदियों पहले हो चुकी थी। चीनी यात्री





नवीन नालंदा विश्व विद्यालय परिसर, राजगीर, बिहार

ह्वेन सांग (Xuanzang) ने अपने संस्मरणों में लिखा है कि विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर 'द्वार पंडित' तैनात रहते थे। वे आने वाले छात्रों से कठिन प्रश्न पूछते थे और जो उन प्रश्नों का उत्तर दे पाता था, उसे ही प्रवेश मिलता था। यहाँ की शिक्षा और आवास पूरी तरह निःशुल्क थे।

अद्वितीय वास्तुकला

नालंदा के भग्नावशेष इसकी विशालता की ओर संकेत करते हैं। यहाँ से मिले साक्ष्यों के अनुसार यह ईंटों से बनी वास्तुकला का बेहतरीन नमूना है। यहाँ सुव्यवस्थित विहार (छात्रों के रहने के कमरे), ऊँचे स्तूप, मंदिर और जल निकासी की उन्नत व्यवस्था के साक्ष्य मिले हैं। खुदाई में मिले अवशेष बताते हैं कि प्रत्येक मठ के आँगन में एक कुआँ होता था और सामूहिक चर्चा के लिए बड़े हॉल बने थे।

तुर्क आक्रमण से नष्ट हुई भारत की महान विरासत

नालंदा का गौरव लगभग सदियों तक चमकता रहा, लेकिन 12वीं शताब्दी के अंत में लगभग वर्ष 1193 के आस-पास, तुर्क आक्रांता बख्तियार खिलजी ने नालंदा पर आक्रमण किया। उसने इस महान केंद्र को नष्ट कर जला दिया। यह इतिहास की सबसे दुखद घटनाओं में से एक है। आक्रमणकारियों ने 'धर्मगंज' पुस्तकालय में आग लगा दी। सदियों का संचित ज्ञान सब राख में बदल गया। इस आक्रमण के बाद यहाँ के आचार्य और छात्र अपनी जान बचाकर तिब्बत, नेपाल और दक्षिण-पूर्व एशिया की ओर चले गए। धीरे-धीरे रख-रखाव के अभाव में यह विशाल परिसर मिट्टी के नीचे दब गया। नालंदा के पतन के लगभग छह शताब्दियों बाद, अंग्रेज अधिकारी फ्रांसिस बुकानन ने पहली बार इस स्थल की खोज की और इसके बारे में जानकारी दी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा 1915 से 1937 और फिर 1974 से 1982 तक इस स्थल का व्यवस्थित उत्खनन और संरक्षण किया गया।



नवीन नालंदा विश्व विद्यालय परिसर, राजगीर, बिहार

नालंदा का पुनरुत्थान— एक नई शुरुआत

इतिहास के पन्नों में खो जाने के बाद, भारत सरकार ने इस गौरव को पुनः जीवित करने का संकल्प लिया। 'नालंदा विश्वविद्यालय अधिनियम 2010' के तहत बिहार के राजगीर में एक नए अंतर्राष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है।

भारत सरकार द्वारा निर्मित यह नया परिसर प्राचीन नालंदा की भावना को आधुनिकता के साथ जोड़ता है। जून 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। यह नया परिसर पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल है। यहाँ अब दुनिया भर के छात्र फिर से पर्यावरण, प्रबंधन और ऐतिहासिक अध्ययन जैसे विषयों की पढ़ाई करने आ रहे हैं। यह पुनरुत्थान इस बात का प्रतीक है कि 'ज्ञान की लौ कभी बुझती नहीं है।' नालंदा हमारे लिए केवल ईंटों का ढाँचा नहीं है, बल्कि यह हमारे पूर्वजों की वैज्ञानिक सोच और उदारता का प्रतीक है। यह हमें सिखाता है कि भारत हमेशा से ही ज्ञान आधारित संस्कृति रहा है।

DID YOU KNOW?



विश्व गौरैया दिवस

हर वर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। गौरैया यानी हमारे आँगन या बाग में फुदकती छोटी-सी सफेद और भूरे रंग की चिड़िया। इसे घरेलू गौरैया भी कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम पासेर डोमेस्टिकस है। इसका विकास मनुष्यों के साथ हुआ है; यह जंगलों के बजाय हमारे साथ घनिष्ठ संपर्क में रहकर ही अपना जीवन व्यतीत करती रही है। इसके संरक्षण के लिए जागरूकता हेतु 2010 में नेचर फॉर एवर सोसाइटी और पर्यावरणविद् मोहम्मद दिलावर के प्रयासों से विश्व गौरैया दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य शहरी पारिस्थितिकी में महत्वपूर्ण पक्षी गौरैया के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है।

ARTICLE

ভারতীয় বহুভাষী সংস্কৃতি

ভারতবর্ষ প্রাচীনকাল থেকেই সংস্কৃতি এবং বহুভাষী সংস্কৃতির জন্য প্রসিদ্ধ। বিভিন্ন ভাষা, সাহিত্য এবং সংস্কৃতির মিলনে গঠিত এই দেশটি বিশ্বের অন্যতম বৈচিত্র্যময় দেশ। ভারতের প্রতিটি রাজ্যের নিজস্ব ভাষা, লিপি এবং সংস্কৃতির ঐতিহ্য রয়েছে। এই বৈচিত্র্যের মধ্যেই এক গভীর সাংস্কৃতিক ঐক্য বিদ্যমান।

ভাষার বৈচিত্র্যঃ

ভারতীয় সংবিধানে বর্তমানে ২২টি প্রধান ভাষাকে স্বীকৃতি দেওয়া হয়েছে। তবে বাস্তবে ভারতে প্রায় ১৬০০-রও বেশি ভাষা ও উপভাষা প্রচলিত। প্রত্যেক ভাষার নিজস্ব ইতিহাস, সাহিত্য এবং সংস্কৃতি রয়েছে। সংস্কৃত, তামিল, বাংলা, হিন্দি, উর্দু, মারাঠি প্রভৃতি ভাষা ভারতের সাংস্কৃতিক ঐতিহ্যের গুরুত্বপূর্ণ অংশ।

সংস্কৃতির বহুমাত্রিকতাঃ

ভারতের বহুভাষী সংস্কৃতি কেবল ভাষার মধ্যে সীমাবদ্ধ নয়, বরং বিভিন্ন ধর্ম, রীতি-নীতি, উৎসব এবং শিল্পকলার মধ্যে প্রতিফলিত হয়। যেমন দুর্গাপূজা, দীপাবলি, ঈদ, বড়দিন প্রভৃতি উৎসব বিভিন্ন সম্প্রদায়ের মানুষের মধ্যে আনন্দ ও সম্প্রীতির বার্তা বহন করে। এই বৈচিত্র্যের মধ্যেও ভারতের ঐক্য অটুট রয়েছে।

বর্তমান পরিস্থিতিঃ

বিশ্বায়নের যুগে দাঁড়িয়ে ভারত তার বহুভাষী সংস্কৃতিকে সংরক্ষণ এবং বিকাশের জন্য বিভিন্ন পদক্ষেপ গ্রহণ করেছে। শিক্ষা ও প্রযুক্তির ক্ষেত্রে আঞ্চলিক ভাষার ব্যবহার বৃদ্ধি পাচ্ছে। পাশাপাশি জাতীয় ঐক্য বজায় রেখে এই সংস্কৃতিকে এগিয়ে নিয়ে যাওয়া অত্যন্ত গুরুত্বপূর্ণ। পরিশেষে বলা যায়, ভারতের বহুভাষী সংস্কৃতি এই দেশের অন্যতম সম্পদ। এটি আমাদের গর্ব এবং পরিচয়ের প্রতীক। ভবিষ্যতে এই ঐতিহ্য সংরক্ষণ ও বিকাশের মাধ্যমে ভারত আরও সমৃদ্ধ হবে।

Dipshikha Das Bairgya
Grade– 7
PM SHRI J.N.V., Burdwan, West Bengal

भारतीय भाषा उत्सव 2025

भारतीय भाषा उत्सव 2025 का आयोजन महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के उपलक्ष्य में 11 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में किया गया। सुब्रमण्यम भारती न केवल तमिल साहित्य के विद्वान, बल्कि एक दूरदर्शी व्यक्तित्व भी थे, जिन्होंने भाषाओं के माध्यम से एकजुट भारत का सपना देखा था। वे मातृभाषा तमिल के साथ-साथ संस्कृत, हिंदी, तेलुगु, बंगाली सहित अनेक भारतीय भाषाओं के विद्वान थे। उनकी रचनाओं में स्वतंत्रता, समानता और प्रगति की गूँज सुनाई देती है, जो भाषायी सीमाओं को पार करते हुए पूरे भारत में सांस्कृतिक जागृति को प्रेरित करती है।

भारतीय भाषा उत्सव 2025 का उद्देश्य भारतीय भाषाओं और साहित्य की समृद्ध विविधता के प्रति गहरी सराहना और गौरव की भावना को बढ़ावा देना है। इसका लक्ष्य विभिन्न समुदायों के बीच भाषायी आदान-प्रदान और सहयोग को प्रोत्साहित करके 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को सुदृढ़ करना है। यह आयोजन छात्रों को अपनी मातृभाषा के अलावा कम-से-कम एक और भारतीय भाषा सीखने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे भाषायी समावेशिता और राष्ट्रीय एकता दोनों को बल मिलेगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप, यह उत्सव 'राष्ट्रीय एकता के लिए बहुभाषावाद' के सिद्धांत को पुष्ट करता है। इसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं पर केंद्रित आनंददायक, सहभागी और अनुभवात्मक गतिविधियों में छात्रों, शिक्षकों और व्यापक समुदाय को शामिल करके भाषायी सद्भाव, रचनात्मकता और समावेशिता को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा 'अनेक भाषाएँ, एक भावना' के विचार पर आयोजित किया गया।

समारोह में जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भारत की भाषायी और सांस्कृतिक समृद्धि का अनुपम प्रदर्शन किया। केंद्रीय विद्यालय संगठन (के.वी.एस.), नवोदय विद्यालय समिति (एन.वी.एस.), एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ई.एम.आर.एस.) और राष्ट्रीय बाल भवन (एन.बी.बी.)





के छात्रों ने गीत, शास्त्रीय एवं लोक नृत्य, बहुभाषी देशभक्ति गीत, नुक्कड़ नाटक और कविता पाठ प्रस्तुत किए।

भारत की समृद्ध भाषायी विरासत जनजातीय भाषाओं के बिना अधूरी है। इसी दृष्टि से समारोह में विभिन्न जनजातीय भाषाओं की गहराई, जीवंतता और सांस्कृतिक महत्व को भी उजागर किया गया। उत्सव के एक भाग के रूप में, शिक्षा मंत्रालय द्वारा झारखंड, ओडिशा और गुजरात के जनजातीय अनुसंधान संस्थानों के जनजातीय भाषा प्रकाशनों का एक स्टॉल लगाया गया था। इस स्टॉल में हिंदी या अंग्रेजी और जनजातीय भाषाओं के बीच वास्तविक समय में पाठ एवं भाषण अनुवाद (Real-time translation) को सक्षम करने के लिए डिजाइन किए गए एआई-आधारित 'आदि वाणी' ऐप का लाइव प्रदर्शन भी किया गया।







POEM

ଧରଣୀ ମାର ଦୁଃଖ



ବ୍ରହ୍ମାଣ୍ଡ ପିତାଙ୍କ ଅଲିଅଳ ମୁହିଁ ସାତ ଭାଇର ଗୋଟିଏ ଭଉଣୀ।
ଭାଇମାନଙ୍କର ଅଲିଅଳ ମୁହିଁ ପିତାଙ୍କର ସୁଦୁଲୁଣୀ।
ସ୍ନେହରେ ବାପା କୁଟୁମ୍ବ ମୋହରେ ଦେଇଗଲେ କେତେ ନାମ—
ଧରା, ଧରିତ୍ରୀ, ଧରଣୀ, ବସୁମତୀ, ବସୁନ୍ଧରା, ରସା, ମହୀ, ଅବନୀ।
ବାଲ୍ୟକାଳ ଗଲା ଅତି ସରଳରେ, ଜାଣିନ ପାରିଲି ଦୁଃଖ,
ଅଲିଅଳ ହୋଇ ବଢିଲା ପରେ ମିଳିଲା କେତେ ସୁଖ।
ମାଆ ହେଲା ପରେ ଭାବିଲି ମନେ, ମୋ ଜୀବନ ହେଲା ଚରିତାର୍ଥ,
ସୁଖୀ ପରିବାର ହସ ପସରାରେ ମଣିଲି ନିଜକୁ କୃତାର୍ଥ।
କ୍ଷଣିକ ସୁଖ ମୋ ମଳିନ ପଡ଼ିଲା ସନ୍ତାନଙ୍କ କାର୍ଯ୍ୟ ଦେଖି,
ଧରା ହୋଇ ସବୁକୁ ଧରିଲି, ମହୀ ହୋଇ ସବୁ ଦୁଃଖ ସହି।
ତଥାପି ସନ୍ତତି ମୋତେ ନ ବୁଝିଲେ, ଦେଇଗଲେ କେତେ ଦୁଃଖ,
ଧରାକୁ ଅଧର୍ମ କରିବାକୁ ମୋତେ କରିଦେଲେ ବାଧ।
ମାଆ ହୋଇ ମଧ ସହି ନ ପାରିଲି ପୁତ୍ର ପୌତ୍ରଙ୍କ ଆକ୍ରୋଶ,
ଭୋଜନ ନିମନ୍ତେ ଦେଇଲି ଖାଦ୍ୟ, ପେୟ ଓ ଅର୍ଥର ରାଶି।
ଧନ ଧାନ୍ୟ ରୂପେ ଖଣିଜ ସମ୍ପଦ ଅମାପ ଅମୂଲ୍ୟ ରତ୍ନ,
ସୁବିଧାରେ ସବୁକିଛି ପାଇ ମଣିଷ କରୁନାହିଁ ତାର ଯତ୍ନ।
ବିନାଶ ପଥରେ ପଥିକ ସାଜିଛି, ଏ ପଥରୁ ନାହିଁ ନିସ୍ତାର,
ମାଆକୁ ଖାଇ ମାଆକୁ ମାରିଲେ ଧରାଶାୟୀ ହେବ ନିଶ୍ଚୟ।
ଆଖିର ଅଶ୍ରୁରେ ବନ୍ୟା ପ୍ରଳୟ ହୁଏ, ହୃଦ ବିଦାରଣେ ଭୂମିକମ୍ପ,
କଷ୍ଟରେ ଯେବେ ଛାତି ଫାଟିବ, ମାନବ ସହିବ କେମିତି?
ଅଦିନିଆ ବର୍ଷା, ମରୁଡ଼ି, ସୁନାମି, ଭୂମିକମ୍ପ, ବଜ୍ରପାତ,
ଧରଣୀ ମାର ଦୁଃଖ ନ ବୁଝିଲେ ମାନବର ହେବ ଅନ୍ତ।
ହେ ମଣିଷଜାତି, ମୋ ସନ୍ତାନ ସନ୍ତତି—ଉଠ, ଜାଗ୍ରତ ହୁଅ,
ପ୍ରଳୟରୁ ବାଚିବା ପାଇଁ ଧରଣୀର ସୁରକ୍ଷା କର।

Soudamini Biswal
PGT (Odia)
E.M.R.S., Hirli, Nabarangpur, Odisha

देशों में है देश भारत

देशों में है देश भारत,
बहुभाषिकता है इसकी पहचान
भाषाएँ चाहे अलग-अलग हों,
भाव सभी के एक समान।

विविध रंगों से सजा हुआ,
मेरा भारत देश महान।
त्याग, तपस्या, प्रेम, करुणा
इसकी है सच्ची पहचान।

तेलुगु, कन्नड़, मलयालम संग,
उर्दू की प्यारी मुस्कान।
ओड़िया, कोंकणी, कश्मीरी,
सभी में बसता हिंदुस्तान।

आओ मिलकर मान बढ़ाएँ,
हर भाषा का करें सम्मान।
सभी भाषाओं का गुणगान ही,
भारत की है सच्ची पहचान।

पृष्ठि ठाकुर
कक्षा– 9
अंकुर स्कूल, सेक्टर 14, चंडीगढ़

Career Opportunities in India's Multilingual Culture

India is one of the most linguistically diverse countries in the world. In today's globalised world, the ability to understand and communicate in multiple languages is highly valued. Students who learn more than one language can explore careers in translation, interpretation, journalism, tourism, diplomacy, and education.

Government institutions, international organisations, and private companies often need professionals who can communicate with people from different linguistic backgrounds.

Students interested in multilingual careers can pursue courses in linguistics, translation, interpretation, foreign languages, and regional language studies at these institutions. Such qualifications open opportunities in media, diplomacy, tourism, international business, education, and translation services.



Translators and Interpreters

One of the most promising career fields is translation and interpretation. Translators convert written content from one language to another, while interpreters help people communicate in real time. These professionals are required in courts, government offices, international conferences, and media houses. Organizations like the United Nations and United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization (UNESCO) regularly employ multilingual experts.



Media Professionals

The media and journalism industry also offers exciting opportunities for multilingual individuals. News channels, digital media platforms, and newspapers need reporters, editors, and anchors who can work in different languages and reach wider audiences. In a diverse country like India, multilingual journalists can connect with people from different regions and cultures more effectively.



Tourism and Hospitality

Another important field is tourism and hospitality. India attracts millions of tourists every year from around the world. Professionals who can speak multiple languages have an advantage in working as tour guides, travel consultants, hotel managers, and cultural ambassadors. Their language skills help visitors understand India's history, traditions, and local cultures.

International Business and Diplomacy

Multilingual skills are also valuable in international business and diplomacy. Many multinational companies operate in India and need employees who can communicate with global partners. Similarly, careers in foreign services and international relations require strong language abilities to build diplomatic relationships.



Teaching

The field of education and language teaching is another promising option. Schools, colleges, and language institutes constantly require qualified teachers who can teach Indian and foreign languages. With the growth of online learning platforms, language instructors can now reach students across the world.

Major Institutions Offering Multilingual/Language Studies Courses

- Jawaharlal Nehru University (JNU), New Delhi. https://www.jnu.ac.in
- University of Delhi – Department of East Asian Studies. https://www.du.ac.in
- The English and Foreign Languages University (EFLU), Hyderabad. https://www.efluniversity.ac.in
- Central Sanskrit University, New Delhi. https://www.sanskrit.nic.in
- Central Institute of Indian Languages (CIIL), Mysuru. https://www.ciil.org
- Indira Gandhi National Open University (IGNOU). https://www.ignou.ac.in
- Central Institute of Buddhist Studies, Leh. https://www.cibs.ac.in
- Institute of Language Studies and Research, Kolkata. https://silsr.wb.gov.in
- Odia University, Satyabadi, Odisha. https://odiauniversity.ac.in
- Kumar Bhaskar Varma Sanskrit and Ancient Studies University, Assam. https://kbvsasun.ac.in

DID YOU KNOW?

भाषा संगम
Bhasha Sangam

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यालयी शिक्षा में बहुभाषावाद को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हुए इसे शिक्षा के मूल उद्देश्यों की प्राप्ति का प्रभावी माध्यम बताती है। इसी दृष्टि को मूर्त रूप देने हेतु एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा 'भाषा संगम' पहल विकसित की गई है।

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना पर आधारित यह पहल संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित 22 भारतीय भाषाओं के दैनिक प्रयोग में आने वाले सरल एवं बुनियादी वाक्यों से विद्यार्थियों को परिचित कराती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषायी विविधता के प्रति सम्मान, बहुभाषी समझ तथा भारतीय भाषाओं के प्रति रुचि और जागरूकता विकसित करना है।

आस-पास

खेल खेल में पढ़न, मिलि है सीखन,
एक-दूसरै कि भाषा बोलियों थैं समझन।
कक्षा में अलग अलग काम थैं शामिल करि बेर,
पर्यावरण क नजीक रइकि, प्रकृति थैं जानन,
बच्चौं कि जिज्ञासा, सवालौ क जवाब ढूंढ़न।
पूरब है पश्चिम, उत्तर है दक्षिण भारत क सब्बि प्रदेश,
उनकि संस्कृति, खान-पान, त्यौहार, पहनावौ क ज्ञान।
यै तरौक मजेदार चीजु और सीखण क तरीका है,
बच्चा पढ़ई में मन लगैलन और खोज करन कि इच्छा करलन।
भोजन, पाणी और आश्रय, परिवार, दोस्त, जीव जन्तु, पेड़ पौधे,
यात्रा और हमरि बनै और कि जानन वालि चीजु।
सब्बि विषय थैं एकजुट करि देण व्यापक ज्ञान,
एन.सी.ई.आर.टी. कि किताब 'आस-पास'
यै तरौक सिखौलि बच्चौं थैं विज्ञान।

Suruchi Rawat
Primary Teacher
PM SHRI Demonstration Multipurpose School, Bhopal, Madhya Pradesh

ARTICLE


বাদ্যযন্ত্ৰৰ ৰাণী

আঙুলিৰ যাদুৰে সুৰ সৃষ্টি কৰি মানুহৰ হৃদয় স্পৰ্শ কৰিব পৰা এক মায়াময় বাদ্য হৈছে বেহেলা (Violin)। এই বেহেলা তাঁৰযুক্ত বাদ্য। ইয়াত সাধাৰণতে চাৰিডাল তাঁৰ থাকে আৰু এটা ধনু (bow) ব্যৱহাৰ কৰি ইয়াক বজোৱা হয়। উন্নতমানৰ কাঠেৰে নির্মিত এই বাদ্যৰ সুৰ কোমল আৰু অতি মধুৰ হোৱাৰ বাবে ইয়াক 'বাদ্যযন্ত্ৰৰ ৰাণী' বুলি কোৱা হয়।

বেহেলা প্ৰধানতঃ পাশ্চাত্যৰ বাদ্য। ইটালী হৈছে ইয়াৰ জন্মস্থান। আনুমানিক ১৬শ শতিকাত ইয়াৰ প্ৰথম ব্যৱহাৰৰ কথা শুনা যায়। বর্তমান ভাৰতবর্ষতো শাস্ত্ৰীয় আৰু আধুনিক সংগীতত বেহেলাৰ ব্যৱহাৰ দেখা যায়।

বেহেলা বজাবলৈ পদ্ধতিগত প্ৰশিক্ষণৰ প্ৰয়োজন হয়। ইয়াক ভালদৰে শিকিবলৈ ধৈর্য, অভ্যাস আৰু আগ্ৰহৰ প্ৰয়োজন। এজন ভাল বেহেলা বাদকে আনন্দ, সুখ, প্ৰেম, বিষাদ – এই সকলোবোৰ অনুভূতিয়েই বেহেলাৰ সুৰত প্ৰকাশ কৰিব পাৰে।

অসমৰ সংগীতৰ ক্ষেত্ৰখনত বেহেলাৰ ব্যৱহাৰ বৃদ্ধি পাইছে। অসমৰ লক্ষ্মীৰাম বৰুৱা, কীর্ত্তিনাথ শর্মাবৰদলৈ, ইন্দ্ৰেশ্বৰ শর্মা, মানিক বৰা, মিনতি খাউণ্ড, মনোজ বৰুৱা, বিদ্যুৎ মিশ্ৰ, দিলীপ ৰছাইলীআদি খ্যাতিসম্পন্ন বেহেলাবাদক। বর্তমান অসমৰ যুৱ প্ৰজন্মৰ মাজত বেহেলা শিকাৰ আগ্ৰহ বাঢ়িছে। ইয়াৰ ফলত অসমীয়া সংগীততো নতুনত্ব আহিছে আৰু সংগীতৰ ক্ষেত্ৰখন সমৃদ্ধ হৈছে।



বেহেলাৰ সুৰে মানুহৰ হৃদয় স্পৰ্শ কৰি, মনক শান্ত কৰি এক অনাবিল অনুভৱ জীৱনলৈ কঢ়িয়াই আনিব পাৰে। সেয়েহে এই বাদ্য সংগীত জগতৰ এক অমূল্য সম্পদ।

Barenya Rajkumari
Grade– 7
PM SHRI Kendriya Vidyalaya,
Golaghat, Asam

QUIZ

STUMP
Your Friends

1. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा असम राज्य से संबंधित है?
(क) असमयिा (ख) बोडो
(ग) तमिल (घ) कन्नड़

2. Pampa, Ponna, Ranna, and Basavanna are saint-poets of which language?
(A) Telugu (B) Kannada
(C) Tamil (D) Marathi

3. तिरुक्कुरल किस भाषा में रची गई रचना है?
(क) संस्कृत (ख) तमिल
(ग) मलयालम (घ) कन्नड़

4. Mattur village, known as the 'Sanskrit Village', is located in which state?
(A) Rajasthan (B) Punjab
(C) Kerala (D) Karnataka

5. भारत के संविधान की किस अनुसूची में भाषाओं को सूचीबद्ध किया गया है?
(क) आठवीं (ख) सातवीं
(ग) दसवीं (घ) नौवीं

6. Lahaul and Spiti are located in which state/UT?
(A) Uttarakhand (B) Himachal Pradesh
(C) Ladakh (D) Mizoram

7. संस्कृत संभाषण आंदोलन किसने शुरू किया था?
(क) चमू कृष्ण शास्त्री (ख) माधव गाडगिल
(ग) के. कस्तूरीरंगन (घ) जे. एस. राजपूत

8. Kuntala Waterfall is located in which state?
(A) Telangana (B) Maharashtra
(C) Kerala (D) Karnataka

9. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है?
(क) संथाली (ख) डोगरी
(ग) मैथिली (घ) गढ़वाली

10. Who is the author of 'Prem Sarovar,' 'Andher Nagari,' and 'Bharat Durdasha'?
(A) Mahadevi Verma
(B) Jaishankar Prasad
(C) Bhartendu Harishchandra
(D) Premchand

Answers on Page no. 64

POEM

ਸਾਂਝ ਦੀਆਂ ਸੁਰੀਲੀਆਂ ਲੋਰੀਆਂ

ਇਸ ਮਿੱਟੀ ਦੇ ਕਣ ਕਣ ਵਿੱਚ ਤਲਿਸਮੀ ਰੂਪ ਜਚਿਆ ਏ,
ਹਰ ਬੋਲੀ ਦੀ ਆਵਾਜ਼ ਵਿੱਚ ਕੋਈ ਫੱਕਰ ਸੂਫੀ ਨੱਚਿਆ ਏ।
ਕਿਤੇ ਸੰਸਕ੍ਰਿਤੀ ਦੀ ਗਹਿਰਾਈ ਵਿੱਚ ਪ੍ਰਾਚੀਨ ਗੂੜ੍ਹੀ ਸ਼ਾਂਤੀ ਏ,
ਕਿਤੇ ਦੇਸ਼ ਮੇਰੇ ਦੀਆਂ ਰਗਾਂ ਵਿੱਚ ਅਹਿੰਸਾ ਵਾਲੀ ਕ੍ਰਾਂਤੀ ਏ।
ਤਮਿਲ ਦੇ ਸ਼ਬਦਾਂ ਵਿੱਚ ਸਾਗਰ ਗਰਜਦਾ ਸੁਣਦਾ ਏ,
ਕੰਨੜ, ਤੇਲਗੂ, ਮਲਿਆਲਮ ਦਾ ਅੱਖਰ-ਅੱਖਰ ਸੁਪਨਾ ਬਣਦਾ ਏ।
ਪਹਾੜੀ ਦੀਆਂ ਲਹਿਰਾਂ ਵਿੱਚ ਹਰਿਆਲੀ ਦਾ ਨੂਰ ਵੱਸੇ,
ਮਰਾਠੀ ਦੀਆਂ ਵਾਰਾਂ ਵਿੱਚ ਸ਼ਿਵਾਜੀ ਦਾ ਗਰੂਰ ਵੱਸੇ।
ਉਰਦੂ ਦੇ ਰੁਖ਼ਸਾਰ ਵਿੱਚ ਕੋਈ ਸ਼ਾਮ ਜਿਵੇਂ ਢਲਦੀ ਏ,
ਪੰਜਾਬੀ ਦੀ ਹਿੱਕ ਵਿੱਚ ਗੁਰਬਾਣੀ ਅਤੇ ਅਣਖ ਦੀ ਮਸ਼ਾਲ ਬਲਦੀ ਏ।
ਇਹ ਸੁਰ ਨਹੀਂ, ਇਹ ਰੂਹਾਂ ਦੀ ਪਰਵਾਜ਼ ਏ,
ਦੇਸ਼ ਮੇਰੇ ਦੇ ਬੁੱਲਾਂ ਤੇ ਸਦੀਆਂ ਤੋਂ ਇੱਕ ਸਾਜ਼ ਏ।
ਕਿਤੇ ਫਾਰਸੀ ਸ਼ਾਮਾਂ ਢਲਦੀਆਂ ਨੇ, ਕਿਤੇ ਸਿੰਧੀ ਸੂਰਜ ਚੜ੍ਹਦਾ ਏ,
ਹਰ ਬੋਲੀ ਦੇ ਪੰਨੇ ਤੇ ਮੇਰਾ ਭਾਰਤ ਇਬਾਦਤ ਪੜ੍ਹਦਾ ਏ।
ਕਹਿੰਦੇ ਨੇ ਕਸ਼ਮੀਰ ਟੁਕੜਾ ਸੁਰਗਾਂ ਦਾ,
ਹਿਮਾਚਲ ਵਿੱਚ ਲੋਕ ਹਿੰਮ ਦੀ ਚਾਦਰ ਓੜ ਮੁਸਕਾਉਂਦੇ ਨੇ।
ਖਾੜੀ ਤੇ ਅਰਬ ਸਾਗਰ ਵੀ ਹਜ਼ਾਰ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਗੀਤ ਸੁਣਾਉਂਦੇ ਨੇ।
ਮਹਿਫ਼ਿਲ ਜੁੜਦੀ ਅਸਮੀ, ਮਨੀਪੁਰੀ, ਮਿਜੋ, ਅਰੁਣਾਚਲੀ ਤੇ ਤ੍ਰਿਪੁਰੀ ਦੀ,
ਮੇਘਾਲਿਆ ਵਿੱਚ ਬੱਦਲ ਗਰਜਦੇ ਨੇ, ਸਿੱਕਮ ਦੇ ਗੀਤਾਂ ਵਿੱਚ ਨੂਰ ਏ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਦਾ,
ਲੱਦਾਖ਼ੀ ਲੋਕ ਤਾਂ ਸ਼ੇਰਾਂ ਵਾਂਗ ਜਿਉਂਦੇ ਨੇ।
ਹਰਿਆਣਵੀ, ਭੋਜਪੁਰੀ, ਅਵਧੀ ਦੀ ਕੀ ਸਿਫ਼ਤ ਕਰਾਂ,
ਬ੍ਰਿਜ ਦੀ ਧਰਤੀ ਤੇ ਰਾਧੇ-ਕ੍ਰਿਸ਼ਨ ਮੁਸਕਾਉਂਦੇ ਨੇ।
ਡਾਂਡੀਆ ਜਦ ਰਾਸ ਕਰੇ ਗੁਜਰਾਤੀ ਵਿੱਚ,
ਮਲਿਆਲਮ ਦੇ ਰੁੱਖ ਵੀ ਤਾੜੀਆਂ ਵਜਾਉਂਦੇ ਨੇ।
ਉੜੀਆ ਤੇ ਬੰਗਾਲੀ ਦਾ ਜਦ ਰਾਗ ਛਿੜੇ,
ਰਾਜਸਥਾਨੀ ਗੀਤ ਰੂਹ ਨੂੰ ਨਚਾਉਂਦੇ ਨੇ।
ਬਿਰਸਾ ਮੁੰਡਾ ਵਰਗੇ ਸ਼ੇਰ ਜੰਗਲਾਂ ਵਿੱਚ ਦੀਪ ਜਗਾਉਂਦੇ ਨੇ,
ਫੁੱਲਾਂ ਵਰਗੀ ਵੱਖਰੀ ਦਿੱਖ ਦਿਖਾਉਂਦੇ ਨੇ।
ਸਾਡੀ ਹਰ ਇੱਕ ਬੋਲੀ ਵਿੱਚ ਫਲ-ਫੁੱਲ, ਰੁੱਖ-ਝਾੜੀਆਂ,
ਪਸ਼ੂ-ਪੰਛੀ, ਮੀਂਹ-ਹਨ੍ਹੇਰਾ, ਬੱਦਲ-ਵਰਖਾ, ਮਿੱਟੀ ਦੇ ਰੰਗ, ਰੁੱਤਾਂ—
ਸੱਭ ਮੁਸਕਾਉਂਦੇ ਨੇ।
ਕਿਸੇ ਬਾਗ਼ ਦੇ ਵੱਖ-ਵੱਖ ਫੁੱਲਾਂ ਵਰਗੇ ਲੋਕ,
ਸੁਗੰਧੀਆਂ ਨਾਲ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਨੂੰ ਮਹਕਾਉਂਦੇ ਨੇ।
ਸੱਭ ਨੂੰ ਲੋਰੀ ਸਾਂਝਾਂ ਵਾਲੀ ਸੁਣਾਉਂਦੇ ਨੇ,
ਸੱਭ ਨੂੰ ਲੋਰੀ ਸਾਂਝਾਂ ਵਾਲੀ ਸੁਣਾਉਂਦੇ ਨੇ।

Brahampreet Kaur
Grade– 10
Royal Convent School, Moga, Punjab

WORD SEARCH

U	A	H	G	T	D	S	X	C	H	N	V	M	B
C	A	N	D	H	R	A	P	R	A	D	E	S	H
G	O	N	D	I	B	R	T	N	F	Y	T	K	C
A	S	M	C	G	O	O	O	H	J	R	H	L	O
M	D	K	M	R	E	J	S	A	K	A	N	D	M
C	D	D	T	U	A	I	N	M	H	T	I	R	M
T	H	I	K	A	N	N	A	D	A	M	C	Y	U
E	D	A	B	N	M	I	H	G	U	L	I	I	N
L	C	L	K	Y	E	N	C	O	P	H	T	J	I
U	D	E	V	A	N	A	G	A	R	I	Y	O	C
G	B	C	H	F	G	I	N	B	T	A	M	I	A
U	G	T	H	H	L	D	A	L	S	I	K	M	T
S	B	C	O	C	I	U	H	O	S	L	O	U	I
C	R	D	R	I	S	F	T	A	B	P	P	N	O
R	H	Z	C	S	H	M	H	O	N	L	W	H	N

Explore this crossword to find 9 terms related to multi lingual culture of India. Here are the clues.

Q.1 Which state was formed first on the basis of language?

Q.2 Which language is known as 'Italian of the East'?

Q.3 Which language did Sri Kailas Thodasam, a government teacher, use in his translation of the Mahabharath?

Q.4 Which term is used to refer to a version of a language that has its own specific grammer and vocabulary often associated with a certain region?

Q.5 For what purpose do we use language?

Q.6 Which term refers to your cultural heritage rather than your legal citisenship in a country?

Q.7 Which script is used in Hindi language?

Q.8 What is the Nagaland's official language?

Q.9 Who wrote the book 'The Golden Threshold'?

Bhuvan
Grade– 8
Zilla Parishad High School, Kamareddy, Telangana

Answers on Page no. 64

पहेलियाँ



1. पाँच अक्षर का मेरा नाम,
उल्टा सीधा एक समान
मैं 'गॉड्स ओन कंट्री' की भाषा,
चलो बताओ मेरा नाम?

2. छावनियों में जन्मी हूँ मैं,
हिंदी के संग बड़ी हुई
अरबी-फारसी से हुई प्रभावित,
लिपि मेरी कहलाती नस्तालीक

3. भाषाओं में अति प्राचीन,
मुझे बुद्ध ने किया नवीन,
कभी लोक की भाषा थी मैं,
भिक्षु, छात्र, शोधक केवल अब हैं वाचक तीन

4. तीन अक्षर का मेरा नाम,
दक्षिण की पावन भाषा हूँ,
शब्द समापन होते स्वर से
कहें मुझे, सब बड़ी पुरानी भाषा

5. प्रथम कटे तो थाली हूँ,
अंत कटे तो संथा
लिपि है मेरी ओल चिकी,
नाम बताओ भंता

अतुल कुमार गुप्त

Answers on Page no. 64



Ishita Saini
Grade– 7
Maharaja Agarsain Public School,
Ashok Vihar, New Delhi



Somya Rani
Grade– 9
PM SHRI J.N.V., Bankura, West Bengal



Pamela Behari
Grade– 11
PM SHRI J.N.V., Burdwan, West Bengal



Aditya Kumar Singh
Grade– 7
Navy Children School, Visakhapatnam
Andhra Pradesh



Arnav Singodia
Grade– 8
Elpro International School, Chinchwad,
Pune, Maharstra



Sonal Goyal
Grade– 11
Mittal International School, Kota, Rajasthan

ANSWERS & CREDITS

Page no. 58

1. (ख) बोडो, 2. (B) Kannada, 3. (ख) तमिल, 4. (D) Karnataka, 5. (क) आठवीं, 6. (B) Himachal Pradesh
7. (क) चमू कृष्ण शास्त्री, 8. (A) Telangana, 9. (घ) गढ़वाली, 10. (C) Bhartendu Harishchandra

Page no. 60

1. Andhra Pradesh, 2. Telugu, 3. Gondi, 4. Dialect, 5. Communication, 6. Ethnicity,
7. Devanagri, 8. English, 9.Sarojani Naidu

U	A	H	G	T	D	S	X	C	H	N	V	M	B
C	A	N	D	H	R	A	P	R	A	D	E	S	H
G	O	N	D	I	B	R	T	N	F	Y	T	K	C
A	S	M	C	G	O	O	O	H	J	R	H	L	O
M	D	K	M	R	E	J	S	A	K	A	N	D	M
C	D	D	T	U	A	I	N	M	H	T	I	R	M
T	H	I	K	A	N	N	A	D	A	M	C	Y	U
E	D	A	B	N	M	I	H	G	U	L	I	I	N
L	C	L	K	Y	E	N	C	O	P	H	T	J	I
U	D	E	V	A	N	A	G	A	R	I	Y	O	C
G	B	C	H	F	G	I	N	B	T	A	M	I	A
U	G	T	H	H	L	D	A	L	S	I	K	M	T
S	B	C	O	C	I	U	H	O	S	L	O	U	I
C	R	D	R	I	S	F	T	A	B	P	P	N	O
R	H	Z	C	S	H	M	H	O	N	L	W	H	N

Page no. 61

1. मलयालम (MALAYALAM), 2. उर्दू, 3. पालि (Pali), 4. तेलुगु, 5. संथाली

CREDITS

Page no. 4-6 Bharatiya Bhasha Parivar NBT, Page no. 6 Wikimedia commons, Page no. 8-9 presidentofindia.nic.in, https://www.incredibleindia.gov.in/ Page no. 12-13 https://emrskaranjia.com/ EMRS Mayurbhanj,Odisha, Page no. 14-15 UNESCO World Heritage Centre (whc.unesco.org) - Jaipur City Report., Archaeological Survey of India (ASI) - Historical Archives; https://www.tourism.rajasthan.gov.in/hi/jaipur.html, Page no. 20-21 भाषा शिक्षा विभाग, एनसीईआरटी, की वार्षिक शोध रिपोर्ट, wikimedia commons, Page no. 23 https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2093333&reg=3&lang=2 Page no. 24-25 https://himachal.nic.in/, https://himachaltourism.gov.in/, https://www.incredibleindia.gov.in/en wikimedia commons; Page no. 27 https://anuvadini.aicte.gov.in/ Page no. 38 https://dde.manuu.edu.in/, wikimedia commons, Page no. https://www.pib.gov.in/, air.gov.in; 46 Page no. 46-48 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI): Archaeological Site of Nalanda Mahavihara, UNESCO World Heritage Centre: Nalanda Mahavihara Profile, नालंदा विश्वविद्यालय (आधिकारिक वेबसाइट): Nalanda University Official Website, बिहार पर्यटन विभाग: Nalanda Tourism Guide, wikimedia commons, Page no. 53 https://www.incredibleindia.gov.in/en/jammu-and-kashmir/patnitop/tulip-garden, Page no. 57 wikimedia commons.

Artwork Credits:

Page no. 52- Nikshiptha, Grade– VII, Zilla Parishad High School(ZPHS), Devanpally, Kamareddy, Telangana
Cover Page Images- Dinesh Kumar KV JNU, New Delhi

Reviewers :

Jatindra Mohan Mishra, NCERT; Kaptan Singh Nanda IMA Dehradun; Santulan Mahanta, HPB Girls College, Golaghat, Rahul Sahana RIE Bhuvneshwar; Bindu Nath Jha JK College LNMU; Paulomy Bhattacharya SGTU; G. Renuka Devi EFLU Lucknow Campus; Ghazala Fatma NCERT; Saba Mughal SCERT J&K; Nikitha Ganesh, *JPF*, NCERT

Previous Issue



The theme of the previous issue of '*Sapnon Ki Udaan*' was 'शिक्षा और परीक्षा'. The issue is available at: https://ncert.nic.in/flipbook/Sapnon_ki_Udaan_Digital_Feb_2026/#page=1

Editorial Team

Anjali Chhabra, *Joint Secretary* (Academics), CBSE
Anshu Kumari, *Principal Chief Consultant*, Ministry of Education
Atul Kumar Gupta, *Editorial Assistant* (Hindi), NCERT
D.S. Rawat, *Assistant Commissioner*, Navodaya Vidyalaya Samiti
Garima Syal, *Assistant Editor* (English), NCERT
Kanchan Wanchoo Sharma, *Deputy Director*, National Book Trust, India
Praveen Kumar, *Proofreader* (English), NCERT
Rakesh Kumar, *Senior Proofreader* (Hindi), NCERT
Ritu Pallavi, *Assistant Commissioner* (Training), Kendriya Vidyalaya Sangathan
Shivani Aggarwal, *Proofreader* (English), NCERT
Yogesh Chandra Pandey, *Assistant Editor* (Hindi), DEL, NCERT

Production Team

Head, Publication Division : *M.V. Srinivasan*
Chief Editor : *Bijnan Sutar*
Chief Business Manager : *Amitabh Kumar*
Chief Production Officer (In charge) : *Deepak Jaiswal*
Production Assistant :

Cover and Design by


Prashant Upadhyay, *DTP*, NCERT



May 2026

© National Council of Educational Research and Training, 2026

PDXX XX
Published at the Publication Division by the Secretary, National Council of Educational Research and Training, Sri Aurobindo Marg, New Delhi 110016







Disclaimer

- The contributors' views and opinions expressed in the magazine are their own. The editorial board is not responsible for any legal implications pertaining to copyright and other issues.
- Without prior permission from the publisher, no part of this e-magazine may be reproduced, stored, or transmitted in any form or by any means, whether electronic, mechanical, copying, recording, or otherwise.
- This document may be reviewed, summarised, reproduced, or translated in part or in whole with prior permission, however, it must not be used for sale or any commercial purpose.

शिक्षा मंत्रालय
भारत सरकार
MINISTRY OF EDUCATION
Government of India

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING